# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**15 फीट के हनुमान का लाइव शो**

*कार्यक्रम में दिल्ली के कलाकार 15 फीट के बाहुबली हनुमान के रूप में अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ पूरी वानर सेना भी रहेगी। इनके लिए एक अलग वाहन की व्यवस्था की गई है। आयोजन में साथ रहने वाले बुजुर्ग और अन्य लोगों के लिए भी वाहनों की व्यवस्था रहेगी।*

## दिल्ली की वानर सेना, वृंदावन की मंडली के साथ रायपुर में 24 घंटे का अखंड चलित रामायण पाठ


हरिभूमि खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले राजधानी रायपुर में भी एक नया इतिहास रचने की तैयारी है। देश में पहली बार 24 घंटे का चलित अखंड रामायण पाठ का आयोजन 21 जनवरी से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। इस आयोजन में अयोध्या के राम मंदिर के साथ राम दरबार की झांकी के भी दर्शन होंगे। बाहुबली हनुमान और उनकी वानर सेना का लाइव शो ▶▶शेष पेज 7 पर

### संगीतमय राममंडली आएगी वृंदावन से

- *21 को राम मंदिर के साथ राम दरबार की झांकी भी निकलेगी*
- *बाहुबली हनुमान और वानर सेना दिल्ली से आएगी*



### पहली बार ऐसा आयोजन

हम लोगों ने पूरी जानकारी जुटाई है। देश में कहीं भी 24 घंटे के चलित रामायण पाठ का आयोजन नहीं किया गया है। यह बिलकुल नया कंसेप्ट है।

- **नितिन सिंह राजपूत,** संस्थापक अध्यक्ष, कुछ फर्ज हमारा भी

## 11 हजार लीटर तेल और 148 किलो रुई से जलेंगे 11 लाख दीए




- यूं जगमग होगी राजधानी... लेजर शो संग कलाकार भी करेंगे मंचन
- भव्य आतिशबाजी की तैयारी, कोलकाता से विशेष रूप से आएंगे कारीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन राजधानी भी जगमग रहेगी। हर घर और मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे, लेकिन सबसे बड़ा आयोजन कोटा गुढ़ियारी में किया जाएगा। यहां 11 लाख 11 हजार दीए जलाए जाएंगे। इसके लिए 140 किलो रुई की खरीदी गई है। बातियां राजधानी के बाजार से खरीदने के साथ ही कार्यकर्ता भी ▶▶शेष पेज 7 पर


## खबर संक्षेप

### धारावी वालों को मिलेंगे 350 वर्ग फुट के फ्लैट



**मुंबई।** अडाणी समूह धारावी झुग्गी-बस्ती के पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट के नए फ्लैट की पेशकश करेगा। अडाणी समूह महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से धारावी झोपड़पट्टी का पुनर्विकास कर रहा है।

### हमले की साज़िश की सूचना मातोश्री की सुरक्षा बढ़ाई



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर के पास हमले की साजिश रचे जाने की सूचना फोन कॉल से मिलने के बाद पुलिस ने मातोश्री की सुरक्षा बढ़ा दी है। मातोश्री के पास हमले को लेकर धमकी भरा कॉल आया था।

### अमेरिका में दो भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत



**अमरावती/हैदराबाद।** दो छात्र हाल में अमेरिका में आवास में मृत पाए गए। छात्रों की पहचान तेलंगाना के वानपार्ती के जी. दिनेश (22) और आंध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम के निकेश (21) के रूप में की गई है।

**कांग्रेस का झंडा लहराने को लेकर शुरू हुआ विवाद**

*अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसे लेकर रामभक्तों के बीच देश और दुनिया में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में अयोध्या में भीड़ उमड़ने लगी है। इस बीच सोमवार को जब कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता राम मंदिर में प्रवेश करने लगे तो उनकी कुछ लोगों से झड़प हो गई। कुछ लोगों ने कांग्रेस नेताओं के साथ दुर्व्यहार किया, इतना ही नहीं कांग्रेस का झंडा भी छीनकर फाड़ दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें दौड़ा दिया गया।*

# अयोध्या में कांग्रेस नेताओं की एंट्री पर बवाल, पार्टी का झंडा छीना, धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या/नई दिल्ली

यह पूरा विवाद कांग्रेस झंडा लहराने को लेकर हुआ। आरोप है कि राम मंदिर के प्रवेश द्वार पर कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी का झंडा फहराने की कोशिश कर रहे थे, जिसका वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इस बीच हुई घटना से कांग्रेसियों में जबरदस्त रोष फैल गया है। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कइ नेता अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान नेताओं ने सरयू नदी में स्नान भी किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अयोध्या की महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेनु राय ने कहा कि हमारे लोग यहां रामलला का दर्शन करने आए थे। कुछ अराजकतत्वों ने हमारी पार्टी का झंडा छीना और उनके साथ गालीगलौच शुरू कर दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मारपीट की कोशिश की गई। जय श्रीराम का नारा लगाकर दुर्व्यवहार किया गया। रेनु राय ने कहा कि यह मंदिर किसी एक पार्टी का ▶▶शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस ने ठुकराया था न्योता

इससे पहले कांग्रेस हाईकमान ने राम मंदिर उद्घाटन का न्योता ठुकरा दिया था। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को दिया गया था। बीते बुधवार को कांग्रेस ने इसमें शामिल होने से इंकार कर दिया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह भाजपा और मोदी सरकार का इवेंट है। इसलिए कांग्रेस इस आयोजन में शामिल नहीं होगी।

### हम सिर्फ प्रार्थना करने आए थे : कांग्रेस

यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा, हम इस बात की निंदा करते हैं कि कुछ लोग धर्म को राजनीति से जोड़कर अशांति पैदा करना चाहते थे। हो सकता है कि वे कुछ नासमझ लोग हों जो ऐसा करना चाहते थे। हम सिर्फ प्रार्थना करने आए थे, इस पर कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई निर्देश नहीं थे।

### सरयू में आस्था की लगाई डुबकी

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इंकार करने के बाद बैक फुट आई कांग्रेस के कई नेता आज अयोध्या पहुंचे। मकर संक्रांति के अवसर पर अयोध्या धाम के नया घाट पर यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई और जय जय सियाराम का उद्घोष किया।

**इधर, ऐसी तैयारी**

### आज से शुरू होगी राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की पूजन विधि

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अपने आख़िरी चरण में पहुंच गई हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि 16 जनवरी से राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि शुरू हो जाएगी। 17 को भगवान रामलला अपने मंदिर में प्रवेश करेंगे। 18 तिथि के मुहूर्त पर वो स्वयं गर्भगृह में प्रवेश करेंगे।

### 16 से 22 तक रद्द रहेंगी ट्रेनें

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे पटरियों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के कारण 16 से 22 जनवरी तक रेल गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। वंदे भारत समेत 10 ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि दून एक्सप्रेस समेत 35 ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी। 14 अन्य ट्रेन का परिचालन पर भी प्रभावित रहेगा।

**वनांचल में दर्दनाक हादसा**

## झोपड़ी में आग, तीन बैगा आदिवासियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान कवर्धा

झोपड़ी में आग लगने से समीपस्थ बैगा बस्ती नागाडबरा में एक ही परिवार के तीन बैगा आदिवासियों की दर्दनाक मौत हो गई। कुकदुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत माठपुर अंतर्गत आने वाले नागाडबरा बस्ती में बीती रात बुधराम पिता भोपसिंह बैगा 35 वर्ष, हिरमतीन बाई पति बुधराम 32 वर्ष एवं उनके आठ वर्षीय पुत्र जोन्हू की अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लगने से जलकर मृत्यु हो गई।

बताया जाता है कि कल रविवार के दिन बुधराम बैगा अपनी पत्नी और आठ वर्षीय पुत्र के साथ किसी परिजन के घर आयोजित छठी कार्यक्रम में गया हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार रात लगभग 12 बजे तीनों अपनी झोपड़ी में लौटे थे। जहां अज्ञात कारणों से उनकी जर्जर हो चुकी घास फूस की झोपड़ी में आग लगने से तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। आज सुबह गांव वालों को बुधराम की जली हुई झोपड़ी और वहां से धुंआ उठते हुए दिखाई दिया। जिस पर ग्रामीणों ने मौके ▶▶शेष पेज 7 पर

### मुआवजा भी मिलेगा और जांच भी होगी

प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार के आश्रितों को मुआवजा भी मिलेगा और यह भी पता लगाया जाएगा की आखिर यह घटना कैसे घटित हुई। जिससे आने वाले समय ऐसी घटनाओं की पुनर्वृत्ति को रोका जा सके।

- **विजय शर्मा,** उप मुख्यमंत्री

## फास्टैग की 31 तक केवाईसी नहीं, तो देनी होगी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य कई वाहनों के लिए एकल फास्टैग का उपयोग अथवा एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग को जोड़ने को रोकना है। फास्टैग का तय समय से पहले केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बकाया धनराशि के साथ अपूर्ण केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी 2024 के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय/ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे।

**सरकार ने तय की समय सीमा**

### क्या है नियम

फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 'एक वाहन, एक फास्टैग' का भी अनुपालन करना होगा। अपने संबंधित बैंकों के माध्यम से पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को छोड़ना होगा। केवल नवीनतम फास्टैग खाता सक्रिय रहेगा क्योंकि पिछले टैग 31 जनवरी 2024 के बाद निष्क्रिय/ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे।

### केवाईसी कराने के लिए कहां जाना होगा?


ऐसे फास्टैग धारकों को अपने बैंकर के पास जाकर केवाईसी अपडेट कराना होगा। मसलन किसी ने पेटीएम से फास्टैग लिया है तो पेटीएम में जाकर अपडेट कराना होगा, अगर किसी ने बैंक से लिया है तो वहां जाकर अपडेट कराना होगा। इस संबंध ट्रासंपोर्ट एक्सपर्ट अनिल छिकारा ने बताया कि कुछ वाहन चालक इसका मिसयूज कर हैं। वो छोटी गाड़ी के फास्टैग कमर्शियल गाड़ी चला रहे हैं।

**देशभर से पहुंचे श्रद्धालु**

## गंगासागर में करीब एक करोड़ तीर्थयात्रियों ने लगाई डुबकी

एजेंसी ▶▶ गंगा सागर

मकर संक्रांति के अवसर पर देश भर से आए करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम गंगासागर में स्नान किया। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने सोमवार तड़के से पवित्र डुबकी लगानी शुरू कर दी थी।



### प्रयागराज में 21 लाख

इधर, प्रयागराज। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया और करीब 21 लाख लोगों ने स्नान किया।






**कोहरा बनी देरी की वजह, आरोपी गिरफ्तार**

## उड़ान में 10 घंटे की देरी, यात्री ने पायलट को मारा थप्पड़ !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया। घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार शाम हुई इस घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में साहिल कटारिया नामक यात्री गोवा जा रहे विमान के अंदर घोषणा कर रहे पायलट पर हमला करते दिख रहा है। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटराडार24' के मुताबिक, विमान ने 10 घंटे से ज्यादा की देरी के बाद शाम छह बजे दिल्ली से उड़ान भरी। घटना उस दिन हुई जब ▶▶शेष पेज 7 पर



### वायरल वीडियो में क्या?

वीडियो में कटारिया को यह कहते सुना जा सकता है कि वे विमान में लंबे समय से बैठे हैं और अगर विमान उड़ान नहीं भरने वाला है तो उन्हें जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। एक अन्य वीडियो क्लिप में कटारिया को सुरक्षा कर्मी विमान से बाहर ले जाते दिख रहे हैं और वह अपने इस आचरण के लिए माफी मांगता नजर आ रहा है। उसे बाद में थाने ले जाया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

### सिंधिया बोले- खराब आचरण स्वीकार्य नहीं

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यात्री का खराब आचरण स्वीकार्य नहीं है। उससे 'सख्ती से निपटा' जाएगा। नागर विमानन महानिदेशालय उड़ानें रद्द होने और खराब मौसम के कारण उनके परिचालन में देरी के मद्देनजर यात्रियों के साथ बेहतर संचार के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करेगा।






HERE SUCCESS IS A HABIT!
TOTAL NO. OF SELECTIONS
31/48
CHANAKYAA LAW ACADEMY
Mentor: Nitin K Namdeo
ATTENTION ALL ASPIRANTS !
छत्तीसगढ सिविल जज 2022 टॉप 10 में से टॉप 7
चाणक्य लॉ एकेडमी से...
CONGRATULATIONS ALL ACHIVERS OF 2022
1st Rank
EESHANEE AWADHIYA
03rd Rank
Mansi Bist
(Test Series)
04th Rank
Muskan Sharma
06th Rank
Himanshi Sarraf
08th Rank
Riddhi Burad
09th Rank
Shruti Sahu
10th Rank
Riya Chakravorty
11th Rank
Santosh Ku. Yadav
13th Rank
Om Chauhan
14th Rank
Pranav Vaidya
17th Rank
Puneet Xalxo
18th Rank
Siddharth Dewangan
20th Rank
Vaishali Baghel
22th Rank
Heera Sinha
23rd Rank
Lov Kumar Lahare
24th Rank
Cholukya Yadav
25th Rank
Sagar Chandrakar
26th Rank
Suniti Netam
27th Rank
Mala Yadav
28th Rank
Narayni Kachhap
31th Rank
Shraddha Bhagat
32th Rank
Angel Vamico Tigga
33rd Rank
Pragati Gurde
35th Rank
Pankaj sharma
37th Rank
Ruchika Maheshwari
38th Rank
Akansha Singh
39th Rank
Suhasini Thakur
43th Rank
Devashish Tigga
44th Rank
Geetanjali Kashyap
45th Rank
Varsha Gurde
48th Rank
Preeti Paliwal
ADMISSION OPEN FOR
CIVIL JUDGE ADPO CLAT
Address :
Rathi Tower
Near Vivekanand Eye Hospital
Infront of Vivekanand Sarovar (Budha Talab),
Main Road, Bramhpuri, Raipur (C.G.)
chanakyaa;awacademy@gmail.com,
www.chanakyaalawacademy.com
THE CHANAKYAA ®
LAW ACADEMY RAIPUR
A UNIT OF NAMDEO STUDY CIRCLE LLP
CONTACT FOR REGISTRATION
0771-4022004
92013-12345
STUDENT HELPLINE NO.:
79093-89999
Khanna

**रायपुर**

**मंगलवार, 16 जनवरी 2024**

पौष शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 22, अंक : 180
पृष्ठ : 14+4+4 = 22, मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 29.0
न्यून. 17.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





6 इस सुपरस्टार संग करना चाहती...

विचार पेज
4 अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता






# सबसे बड़े मुर्गा बाजार में लाखों की लड़ाई, दांव लगाने जुट रहे छग समेत छह राज्यों के लोग


रफीक खान ▶▶| कोंटा

**अलग खबर**

बस्तर के आखिरी छोर से सटे आंध्रप्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में स्थित भीमावरम शहर में हर बार की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के अवसर पर सबसे बड़ा मुर्गा बाजार लगा। चार दिनों तक चलने वाले इस मुर्गा बाजार में छत्तीसगढ़ के अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उड़ीसा व आंध्र प्रदेश के लोग शामिल होते रहे हैं और इस बार भी बाजार पहुंच रहे हैं। इस परंपरागत बड़े और भव्य आयोजन के लिए बड़े मैदान में दर्जनों टेंट लगाए गए हैं और लोगों के आने एवं वाहनों के पार्किंग के लिए भी स्थान सुरक्षित रखा गया है। इस बाजार की खासियत यह है कि छह ▶▶|शेष पेज 7 पर







## लाखों में बिकता है लड़ाकू मुर्गा

*पारंपरिक एवं दादा, परदादा के जमाने से इन ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली इस मुर्गा लड़ाई की विशेषता यह हैं कि मुर्गा जब जन्म लेता है, तब से उसके खान पान, पालन पोषण को लेकर व्यापारी पूरी मेडिकल सुविधा के साथ ध्यान देते हैं। मुर्गा जब जवान होता है तो उसके खान पान का खर्च प्रति दिन दो सौ रुपए तक रहता है। इस प्रकार एक अच्छे लड़ाकू मुर्गे को तैयार किया जाता है। जिसकी बिक्री 5 से 10 हजार से शुरू होकर लाखों में रहती है और ऐसे लड़ाकू मुर्गों पर दांव पांच लाख से शुरू हो कर दस व बीस लाख तक लगती है।*



## ऐसे चलता है खेल

*लाउडस्पीकरों से प्रति दांव पर लगने वाले लाखों के दांव एवं दो प्रतिभागियों का नाम एनाउंस किया जाता है। एक-एक मुर्गे के पीछे लाखों रुपयों का दांव लगाया जाता है, पूरे दिन में करोड़ों का दांव यहां पर खेला जाता है। इस मुर्गा लड़ाई को लेकर महीना भर पहले से ही तैयारी की जाती है। मुर्गा लड़ाई को देखने के लिए कई परिवार बच्चों के साथ मकर संक्रांति उत्सव के रूप में देखने यहां पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले इस खेल में जुटने वाले लोगों के लिए हर इंतेजाम रहता है, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही उनके खाने पीने से लेकर मनोरंजन तक का भी ख्याल रखा जाता है।*

छग के अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश के लोग होते हैं शामिल

एक-एक जोड़े पर एक दिन में लाखों का दांव भी

मावरम में होता है चार दिवसीय मुर्गा लड़ाई

आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में स्थित है भीमावरम शहर




## खबर संक्षेप

### एटीएम काट रहे थे चोर आग से जल गए 21 लाख



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चोरों द्वारा एक एटीएम को गैस कटर से काटकर लूटने की कोशिश के दौरान वहां आग भड़क गई। इससे उसमें रखी 21 लाख रुपए की नकदी जलकर राख हो गई। यह घटना 13 जनवरी की आधी रात को हुई। अज्ञात लोग एटीएम बूथ के शटर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गये और गैस कटर से एटीएम काटने लगे। इस दौरान ज्यादा गर्मी पैदा होने से आग लग गई। आग से एटीएम के भीतरी हिस्से बुरी तरह नष्ट हो गये।



*पीएम मोदी ने पीएम-जनमन अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आदिवासियों से संवाद भी किया। इस दौरान जशपुर की पहाड़ी कोरवा श्रीमती मनकुंवारी बाई से भी सीधा संवाद किया।*

### जशपुर से जुड़े पीएम मोदी, कोरवा आदिवासी महिला से किया संवाद

# पूछा- उज्ज्वला सिलेंडर मिला, नई रेसिपी सीखी या नहीं, जवाब आया-भजिया बनाती हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ जशपुर

प्रधानमंत्री ने मनकुंवारी से पूछा कि उन्हें सरकार की किन-किन योजनाओं का लाभ मिला है? इसके जवाब में श्रीमती मनकुंवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित पक्के मकान में हम रहते हैं। पहले बिजली न होने की वजह से बहुत दिक्कत होती थी अब नहीं होती। प्रधानमंत्री श्री मोदी को श्रीमती मनकुंवारी ने बताया कि उनके परिवार में 5 लोग हैं। पहले जंगल जाकर सुखी लकड़ी इकट्ठा करना ▶▶|शेष पेज 7 पर

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे मौजूद



जशपुर की महिला मनकुंवारी बाई से प्रधानमंत्री ने किया सीधा संवाद



### पीएम मोदी बोले- 10 साल गरीबों को समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे। उन्होंने कहा, त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।

### इधर, कांग्रेस बोली- आदिवासियों को 'ठगने' का प्रयास

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केवल चुनाव से पहले आदिवासियों को याद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पुरानी विफल हुई योजना का नाम बदलकर, चुनावी मौसम में आदिवासी समाज को 'ठगने' की कोशिश कर रही है। जल-जंगल-जमीन और आदिवासी सभ्यता का संरक्षण हमारा कर्तव्य है और कांग्रेस पार्टी देश के आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी।*

**अंतिम विदाई**

## शायर मुनव्वर सुपुर्दे खाक जावेद अख्तर ने दिया कंधा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मशहूर शायर मुनव्वर राना को सोमवार को लखनऊ में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में जावेद अख्तर समेत उर्दू शायरी से जुड़े कई कद्दावर लोग मौजूद रहे। जावेद अख्तर ने मुनव्वर राना के जनाजे को कंधा दिया। इसके बाद वह भावुक हो उठे। जावेद अख्तर ने कहा कि मुनव्वर राना का जाना उर्दू, शायरी और हिंदुस्तानी तहजीब के लिए बड़ा नुकसान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुनव्वर राना के निधन पर शोक प्रकट किया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुनव्वर राना के घर पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जावेद अख्तर ने कहा कि मुनव्वर राना की शायरी का अपना एक रंग था।



### हिंदुस्तानी तहजीब धीरे-धीरे खोती जा रही

जावेद अख्तर ने कहा- पहले राहत इंदौरी, फिर निदा फाजली और अब मुनव्वर राना जैसे शायरों के निधन से हिंदुस्तानी तहजीब धीरे-धीरे खोती जा रही है। उन्होंने कहा- इसकी भरपाई मुझे नहीं लगता कि कभी हो पाएगी। जावेद अख्तर ने मुनव्वर राना के परिजनों के लिए भी संवेदनाएं जाहिर की और कहा कि मुनव्वर याद आएंगे और उनकी कमी हमेशा रहेगी।









हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरुप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मभूमि, कोटि-कोटि सनातनियों की आस्था का केन्द्र अयोध्या नगरी में भव्य श्री राम मंदिर अतीत की दिव्यता, वर्तमान की आवश्यकता और सुनहरे भविष्य को नई दिशा दे रहा है। डबल इंजन की सरकार मिशन मोड में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र की पहचान दिलाने के लिए कटिबद्ध है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए अयोध्या में करीब 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से आने वाले समय में लगभग 16 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में प्रथम अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।



अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परम्पराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## ऐतिहासिक कदम

- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** तकनीक पर विकसित होने वाला पहला शहर
- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी **तीर्थ विकास परिषद** का गठन
- अयोध्या का **सोलर सिटी** के रूप में विकास
- **भव्य दीपोत्सव** का आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज
- अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव सहित **सभी मेलों को राजकीय दर्जा**
- अयोध्या शोध संस्थान को **अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान** का दर्जा
- माझा जमथरा, अयोध्या में 25 एकड़ में **मंदिर म्यूजियम** की होगी स्थापना
- प्रयागराज के बाद अयोध्या में योगी सरकार की **कैबिनेट बैठक**
- स्वरकोकिला भारत रत्न **लता मंगेशकर स्मृति चौक** का विकास
- पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग **राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित**

# 8 परिकल्पनाओं का संगम

**अवधपुरी के चतुर्दिक विकास के लिए 8 परिकल्पनाओं के आधार पर कार्य हो रहे हैं, जिससे एक बार फिर साकेतपुरी को ऐश्वर्यपूर्ण नगरी बनाने का सपना साकार हो रहा है।**

**सांस्कृतिक अयोध्या :** अवधपुरी को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मठ, मंदिरों और आश्रमों को भव्य रूप प्रदान करना हो या वैभवशाली नगर द्वारों का निर्माण, मंदिर संग्रहालय जैसे तमाम कार्य इसी परिकल्पना के आधार पर किये जा रहे हैं।

**सक्षम अयोध्या :** अयोध्या का आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास किया जा रहा है, जहां रोजगार, पर्यटन, धर्म और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं।

**आधुनिक अयोध्या :** इस पवित्र नगरी को आज हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाला नगर बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप जैसी तमाम योजनाएं इसी के परिणामस्वरूप आकार ले रही हैं।

**सुगम्य अयोध्या :** महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, इनलैंड वाटरवे से जोड़ने जैसे कार्य करके केंद्र व प्रदेश सरकार अयोध्या तक पहुंच को हर प्रकार से सुगम्य बना रही है।

**सुरम्य अयोध्या :** नगर के विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या पुराने उद्यानों का कायाकल्प हो, नये उद्यानों का निर्माण कार्य हो या फिर हेरिटेज लाइट्स के जरिये शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान करना हो, सड़कों को फसाड लाइटिंग से जगमग कर अवधपुरी को हर प्रकार से मनमोहक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**भावात्मक अयोध्या :** अवधपुरी के कण-कण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए शहर की दीवारों, सड़कों के किनारे, चौराहों तक को सांस्कृतिक रूप से सुसज्जित किया गया है।

**स्वच्छ अयोध्या :** स्मार्ट सिटी के रूप में साफ-सफाई से लेकर ड्रेनेज और सीवर सिस्टम पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

**आयुष्मान अयोध्या :** आमजन को गुणवत्तापूर्ण व सुविधा आधारित चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए अयोध्या के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा।

### मंदिर संग्रहालय
प्रसिद्ध भारतीय मंदिरों के इतिहास की झलक

### मोम संग्रहालय
2 एकड़ में बनने वाला यह संग्रहालय रामायण के प्रमुख पात्रों को समर्पित होगा और इसमें प्रसिद्ध हस्तियों की मूर्तियाँ भी होंगी

### अयोध्या हाट
सरयू के घाटों को खाद्य कियोस्क और वेंडिंग कार्ट के साथ विकसित किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया गया है कि कोई अपशिष्ट न बचे

### संध्या सरोवर
रेस्तरां, फूड स्टॉल के साथ खुली हवा वाला फूड जोन, बोटिंग, जिपलाइनिंग, स्लैकलाइनिंग सुविधाओं के साथ तीन लैगून/ जल निकाय बनाए जाएंगे

### टेंट सिटी योजना
पर्यटकों के लिए मेडिकल सुविधा, बायो डाइजेस्टिव शौचालय सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी

## ₹4403 करोड़ की लागत से 147.2 किमी. लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर

### संवरती अयोध्या

- 1407 एकड़ में ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना : ₹2182 करोड़
- महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम : ₹1463 करोड़
- सहादतगंज से नयाघाट मार्ग तक रामपथ का निर्माण (12.94 किमी.) : ₹845 करोड़
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण : ₹246 करोड़
- अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास : ₹241 करोड़
- उपरिगामी विद्युत तारों को भूमिगत करने का कार्य : ₹167 करोड़
- रेलवे क्रासिंग संख्या 112 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण : ₹74 करोड़
- शहर के विभिन्न वार्डों में हेरिटेज डेकोरेटिव पोल लगाने का कार्य : ₹72 करोड़
- महर्षि अरुन्धति पार्किंग, व्यावसायिक संकुल का निर्माण कार्य (पूर्वी एवं पश्चिमी) : ₹68 करोड़
- भक्तिपथ से श्री राम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमानगढ़ी 29 किमी. मार्ग निर्माण : ₹68 करोड़
- एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक मार्ग (धर्मपथ) (अन्य जनपद मार्ग) का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण : ₹65 करोड़
- सीपेट केन्द्र की स्थापना : ₹40 करोड़
- मल्टीलेवल पार्किंग निकट कलेक्ट्रेट : ₹37 करोड़
- राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्री राम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार : ₹23 करोड़
- राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेले/महोत्सवों हेतु दर्शक दीर्घा का निर्माण : ₹23 करोड़
- तहसील सोहावल ग्राम पिरखौली में 140 टीपीडी क्षमता का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट : ₹18 करोड़
- अयोध्या में 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण : ₹15 करोड़
- गुप्तार घाट से राजघाट तक 410 सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य : ₹12 करोड़








मंदिर ट्रस्ट ने सोमवार को गर्भगृह की नई तस्वीरें जारी कीं।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की विधि शुरू हो जाएगी आज से

# 200 किलो की प्रतिमा, बालरूप में राम, 18 को गर्भगृह में प्रवेश

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं। 22 जनवरी की तारीख तय है। मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का समय 12.20 बजे तय किया गया है। यानी 12 बजकर 20 मिनट पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कर्मकांड की सभी विधि वाराणसी के लक्ष्मीकांत दीक्षित जी के द्वारा संपन्न होगी। प्राण प्रतिष्ठा की विधि 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी और पूजन विधि 21 जनवरी तक चलेगी। मंदिर में भगवान राम के बालरूप को स्थापित किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बताया कि रामलला को 18 जनवरी को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। मूर्ति का वजन 120 से 200 किलो तक होगी। खड़ी प्रतिमा 5 वर्ष के बालक स्वरूप की होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा आसन पर खड़ी कर जाएगी। राय ने बताया कि मैसूर स्थित अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई रामलला की एक नई मूर्ति को अयोध्या में राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है। रामलला की वर्तमान मूर्ति को भी नए मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा।



- 22 जनवरी को होना है राममंदिर का उद्घाटन
- अरुण योगीराज द्वारा निर्मित रामलला की नई मूर्ति होगी गर्भगृह में स्थापित

### 150 से अधिक परंपराओं के संत

प्रतिमा को अलग-अलग अधिवास कराया जाऐगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा को जलवास, अन्नवास, शायया वास और औसाधीवार कराया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय ने बताया कि 150 से अधिक परंपराओ के संत, जितनी प्रकार की विधाये हैं सभी के लोग मौजूद होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल, नृत्य गोपाल दास, सभी ट्रस्टी भी मौजूद रहेंगे।

### पीएम मोदी समेत गर्भगृह में मौजूद होंगे ये लोग

प्रतिष्ठा भगवान राम के बाल स्वरूप की होगी, जिसमें भगवान राम पांच साल के बालक के रूप में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर के अनुष्ठान में 121 आचार्य शामिल होंगे। गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ और महंत समेत सभी ट्रस्टी भी मौजूद होंगे। इनके अलावा 50 से ज्यादा आदिवासी, जनजाति परंपराओं की भी मौजूदगी होगी।

*भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने कहा*

# ‘कांग्रेस का मकसद है मणिपुर में शांति-सौहार्द बहाल करना



एजेंसी ▶▶| इंफाल

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी मणिपुर के सेनापति इलाके में पहुंचे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के इस दौरे का मकसद मणिपुर में शांति और सौहार्द वापस लौटाना है। उन्होंने कहा लगभग सात महीने पहले मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई जातीय हिंसा के कारण प्रदेश की जनता संघर्ष कर रही है।

बकौल राहुल गांधी, कांग्रेस नेताओं ने पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की। इसका मकसद भारत के लोगों को एक साथ लाना है। राहुल गांधी कई और कांग्रेस नेताओं के साथ यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार कराई गई बस से सफर कर रहे हैं। रविवार शाम यात्रा की शुरुआत के बाद दूसरे दिन उन्होंने कुछ दूरी तक पैदल यात्रा की। इस दौरान राहुल स्थानीय लोगों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं की बस जब व्यस्त इलाकों से गुजर रही थी तो यात्रा मार्ग पर कई लोगों को कतार में खड़े देखा गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे।

### यात्रा का मकसद

*मणिपुर से यात्रा शुरू करने के मकसद पर राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस पूर्व से पश्चिम तक यात्रा करना चाहती थी। पार्टी ने फैसला लिया कि मणिपुर से यात्रा की शुरुआत करने पर बेहद शक्तिशाली संदेश जाएगा। भारत के दूसरे राज्यों में भी लोगों को पता चलना चाहिए कि मणिपुर के लोग किस कठिन दौर से गुजर रहे हैं। लोगों को मणिपुर की जनता के संघर्ष के बारे में पता लगना चाहिए।*

पार्टी सुप्रीमो मायावती ने किया ऐलान

# न इंडिया, न एनडीए... लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी बसपा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मायावती ने लोकसभा चुनावों से पहले अकेले ही सियासी मैदान में उतरने का आखिरकार अधिकारिक ऐलान कर दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को अपने जन्मदिन के मौके पर लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के साथ-साथ बीजेपी पर भी निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने ईवीएम और इंडिया ब्लॉक का जिक्र किया और ऐलान किया कि उनकी पार्टी बसपा पूरे देश में अपने बूते पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा कि अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखना बहुत जरूरी है।



**खास बातें**

- समाजवादी पार्टी के साथ-साथ बीजेपी पर भी निशाना साधा
- गठबंधन करने से पार्टी को फायदा कम नुकसान ज्यादा होता

### पार्टी अकेले ही लाएगी बेहतर नतीजे

गठबंधन का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा, ‘गठबंधन करने से पार्टी को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है और हमारा वोट प्रतिशत भी घट जाता है और अन्य दल के फायदा पहुंच जाता है। इसलिए अधिकांश पार्टी बीएसपी से गठबंधन कर चुनाव लड़ना चाहती हैं। हमारी पार्टी अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़कर बेहतर नतीजे लाएगी। हम इसलिए चुनाव अकले लड़ते हैं क्योंकि इसका सर्वोच्च नेतृत्व एक दलित के हाथ है। गठबंधन करके बीएसपी का पूरा वोट गठबंधन की पार्टी को चला जाता है जबकि उस गठबंधन का वोट, विशेषकर अपर कास्ट वोट बसपा को नहीं मिलता है। मायावती ने कहा कि बसपा यूपी विधानसभा चुनाव भी अकेले लड़ चुकी है और अकेले सरकार भी बना चुकी है। उन्होंने कहा कि बीएसपी किसी को फ्री में समर्थन नहीं देगी लेकिन चुनाव के बाद गठबंधन के बारे में वह विचार कर सकती हैं। मायवती ने कहा कि हमारी पार्टी देश में जल्दी ही घोषित होने वाले लोक सभा चुनाव दलितों आदिवासियों अति पिछड़ों मुस्लिमों और अल्पसंख्यकों के दम पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

### केंद्र पर साधा निशाना

मायावती ने कहा कि आज कल की सरकारें नाम बदल कर घोषणाएं करने में लगी है जिनका वास्तविकता से लेना देना नही है। बीजेपी कांग्रेस की सोच सिद्धांत और जातिवादी सोच है। बीजेपी का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा धर्म और संस्कृति की आग में राजनीति की जा रही है जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। मायावती ने कहा, ‘हमने यूपी में अपनी 4 बार की सरकार में सभी वर्गो के लिए काम किया, उसमे अल्पसंख्यक, गरीब, मुस्लिम, किसान और अन्य मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी.सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने का प्रयास कर रही हैं लेकिन जातिवादी होने के कारण यह काम नहीं हो पा रहा है। रोजगार के साधन देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर इनको अपना मोहताज बना रहे हैं जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों की तरह अपना मोहताज नहीं बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी चेत्रों में रोजगार के साधन दिए।

### प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पर भी दिया जवाब

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के न्योते पर मायावती ने कहा, ‘मुझे निमंत्रण मिला है, इसका मैंने वहां जाने का फैसला नही किया है क्योंकि पार्टी के काम में व्यस्त हूं। लेकिन जो भी कार्यक्रम होने जा रह है हमे एतराज नहीं है, स्वागत करतें हैं। आग चलकर बाबरी को लेकर कुछ होगा तो उसका भी स्वागत करेंगे।‘

*पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने दीवार पर उकेरा कमल का निशान*

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए शुरू किया ‘दीवार लेखन’ अभियान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने आज से अपने लोकसभा चुनाव के लिए दीवार लेखन अभियान की शुरुआत कर दी है। प्रचार अभियान के तहत भाजपा देशभर में दीवारों पर पार्टी के नारे लिखवाएगी और चुनाव चिन्ह कमल का निशान बनवाएगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जेपी नड्डा ने खुद दिल्ली में एक दीवार पर कमल का निशान उकेरा। जेपी नड्डा ने कहा कि ‘आज से, हमारा देशभर में दीवार लेखन अभियान शुरू हो रहा है। हमने एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को दीवार पर लिखकर इस अभियान की शुरुआत की है। हमारी देश को लोगों से अपील है कि वह एक बार फिर से देश में मोदी सरकार बनाएं। देश को आगे ले जाने के लिए स्थायी सरकार की जरूरत है।



**क्लस्टर में बांट विशेष तैयारी :** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए भाजपा ने देश की सभी लोकसभाओं को क्लस्टर में बांट दिया है। एक क्लस्टर में 3-5 लोकसभा सीटों को रखा गया है। इन क्लस्टर्स की जिम्मेदारी प्रभारियों को दी गई है।

### पीएम मोदी 25 से करेंगे प्रचार

*प्रधानमंत्री मोदी भी आगामी 25 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक विशाल रैली को संबोधित कर चुनाव अभियान का आगाज करेंगे। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने से पहले पीएम मोदी अलीगढ़, अवध क्षेत्र और कानपुर में तीन रैलियां करेंगे।*



## चिंतन

# जनजातियों में आवासीय गरीबी जल्द दूर करे केंद्र

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय गरीबी व्यापक स्तर पर है। केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक 'सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त करने के वास्ते एक अप्रैल, 2016 को पूर्ववर्ती इंदिरा आवास योजना का पुनर्गठन कर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) कर दिया गया था। वर्ष 2022 तो बीत गया, आज एक साल बाद भी सरकार सबको पक्के आवास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी है। बीच में बेशक कोरोना महामारी के काल के दो साल बीते, लेकिन यह को बड़ी बाधा नहीं होनी चाहिए थी। चूंकि सरकार हर वित्त वर्ष में पीएमएवाई-जी के लिए बजट का आवंटन करती है और राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में चरणों में दी जाती है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। सरकार ने दावा किया है कि दस साल में 4 करोड़ पक्के मकान निर्मित कराए गए हैं। इसके बावजूद अभी भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब आवास की भारी कमी से जूझ रहे हैं। भारत तो आवासीय गरीबी का भी शिकार है। संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विभिन्न घटक निकायों ने पर्याप्त आवास के अधिकार को बुनियादी मानवाधिकार के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने रेखांकित किया है कि पर्याप्त आवास के अधिकार की व्याख्या करते समय संकीर्णता का भाव नहीं होना चाहिए, अर्थात पर्याप्त आवास के अधिकार को मात्र चार दीवारों और एक छत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ने पर्याप्त आवास के अधिकार के संदर्भ में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, किंतु इसके बावजूद देश में सभी नागरिकों को मात्र एक आवास (पर्याप्त आवास नहीं) उपलब्ध कराना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है। पर्याप्त आवास के अधिकार की सर्वाधिक उपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्र में है, जहाँ भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे- स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं आदि उपलब्ध कराना गंभीर चुनौती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, पर्याप्त आवास में चार दीवारों और एक छत के अतिरिक्त बिजली एवं पानी की आपूर्ति और स्वच्छता तथा सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी शामिल किया जाता है। आवासीय गरीबी एक व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने तथा आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से उत्पादक होने की क्षमता को प्रभावित करती है। केवल छत निर्माण कराना ही पूर्ण आवास का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता है। देश में केरीब 11 फीसदी आबादी जनजातियों की है, वे सबसे अधिक सुविधासंपन्न आवास की कमी से जूझ रहे हैं। जनजातियों को आवास के लिए राशि दिए जाने से निश्चित रूप से सबको आवास के सरकार के लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक कदम है, इससे लाभार्थी जनजातियों के पक्के आवास बन सकेंगे। पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरूआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इनमें आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बिजली, सड़क और संचार शामिल हैं।



# अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता

कांग्रेस
उमेश चतुर्वेदी

**कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई।**

कांग्रेस का अब तक का जो राजनीतिक रुख रहा है, उसके हिसाब से देखें तो राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा उसके सामने दो तरह की चुनौतियां लेकर आया था। कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों से पहले कांग्रेस के सामने पहली चुनौती सांप्रदायिकता विरोध की अपनी राजनीति को बचाए रखना थी। कांग्रेसी नेतृत्व और उसके रणनीतिकार शायद ही इसे स्वीकार करें। लेकिन उसके सामने दूसरी चुनौती अपने अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मजबूत बनाना रही। तटस्थ नजरिए से देखें तो कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों।

दरअसल, कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। पता नहीं कांग्रेसी रणनीतिकार इसे स्वीकार करते हैं या नहीं, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई। जिस उत्तर प्रदेश से उसका केंद्रीय नेतृत्व जुड़ा हुआ है, उसी उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ एक सीट कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के महज दो ही विधायक हैं। उत्तर प्रदेश से सटे बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से पार्टी के पास सिर्फ एक ही सांसद है, जबकि 243 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायक हैं। वैसे इन विधायकों की संख्या के पीछे राज्य में उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का साथ है। इसी तरह झारखंड में भी कांग्रेस का एक ही सांसद है, 82 सदस्यीय विधानसभा में उसके 18 विधायक हैं। इसमें उसके सहयोगी दलों का हाथ है।

राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर भारत में कांग्रेस का अस्तित्व लगातार छीजता चला गया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि कांग्रेस राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर एक तरह से अपने अस्तित्व पर आए संकट को टालने की कोशिश करेगी। लेकिन उसने अस्तित्व बचाने की कोशिश की बजाय कथित सांप्रदायिकता विरोध की ही राह को चुना है। हालांकि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता था। कांग्रेसी विधायकों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बजाय किसी और दिन राम मंदिर जाने का बाकायदा ऐलान भी कर रखा है। कांग्रेसी नेता भी अब गाहे-बगाहे बोलने लगे हैं कि राम किसी एक के नहीं हैं, बल्कि सबके हैं। साफ है कि स्थानीय नेतृत्व राममंदिर आंदोलन से साथ अलग हुए सवर्ण वोटरों के एक तबके के साथ अपना रिश्ता जोड़ना चाहता है, लेकिन कांग्रेसी आलाकमान और उनके सलाहकारों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा है।

यह नहीं भूलना चाहिए कि राममंदिर को लेकर भले ही



आंदोलन सैकड़ों वर्षों से चल रहा हो,लेकिन उसे गति विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के बाद ही मिली। राजीव गांधी के निर्देश पर नवंबर 1989 में तब के विवादित ढांचे का ताला खोला गया था और नौ नवंबर को प्रतीकात्मक शिलान्यास हुआ था। उन दिनों शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने वाली संसदीय कार्रवाई के बाद राजीव सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों का सामना कर रही थी। उसके ही अपने कद्दावर मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था, जिससे अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों को बल ही मिला था। कुछ वक्त बाद चूंकि आम चुनाव होने थे, लिहाजा आरोपों को थामने और हिदूवादी वोटरों का साथ पाने के लिए राजीव सरकार ने शिलान्यास का फैसला लिया। कांग्रेस का वह दांव उलटा रहा। ना उसे माया मिली और न राम। मुस्लिम वोटर लगातार समाजवादी खेमे की ओर झुकते चले गए और सवर्ण हिंदू वोट बैंक भी उससे दूर होता ही गया था।

राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को उत्तर भारतीय वोटरों के बीच जवाब देने का मौका हो सकता था। कांग्रेस समारोह में शामिल होकर यह कह सकती थी कि राम सबके हैं। किसी एक दल विशेष के नहीं। उसके इस कदम से उलटे भाजपा की सांसत बढ़ सकती थी। भाजपा के पास यह भी कहने को मौका होता कि जिस कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, उसे भी राम की शरण में आना पड़ा है। वैसे राजनीति में ऐसी बातें होती रहती हैं। असल खेल वोटरों के सामने अपनी अहमियत साबित करना होता है। कांग्रेस चाहती तो वह इस मौके का इस नजरिए से इस्तेमाल कर सकती थी।

कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का फैसला करके एक तरह से धारा के खिलाफ जाने का काम किया है। धारा के विरोध में कुशल तैराक ही तैर पाता है पर अभी कांग्रेस की जैसी हालत है, उसे कुशल तैराक नहीं माना जा सकता। उसकी तैराकी की ज्यादातर कोशिशें नाकाम हो रही हैं। इसलिए धारा के खिलाफ इस बार का उसके तैरने को समझदारी नहीं मानी जा सकती। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली। इस चुनावी प्रदर्शन के बाद जिस तरह का नैरेटिव पार्टी ने पेश किया, उससे ऐसा लगता है कि उसे उत्तर भारत से ज्यादा उम्मीद नहीं है। तेलंगाना विंध्य पर्वतमाला से दक्षिणी इलाके में पड़ता है। कुछ महीने पहले विंध्य के ही दक्षिण में स्थित कर्नाटक में कांग्रेस को जीत मिली थी। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस ने विचार दिया कि उत्तर भारत के वोटर जहां सांप्रदायिकता के आधार पर वोटिंग करते हैं, वहीं दक्षिण के वोटर मुद्दों पर मतदान करते हैं। दक्षिण के दोनों राज्यों में अपनी जीत को कांग्रेस गैर सांप्रदायिक मुद्दों की जीत मानती है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार करके एक तरह से दक्षिण के किले को मजबूत करने की कोशिश में है। कांग्रेस शायद मान चुकी है कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के बरक्स समाजवादी राजनीति खड़ी है, वहां उसका थोड़ा-बहुत अस्तित्व बचा भी रहेगा, तो उसकी वजह स्थानीय दल ही रहेंगे। कांग्रेस व समाजवादी धड़े के दलों का मत आधार कम से कम उत्तर भारत में एक ही है। इनमें मुस्लिम वोटर अहम भूमिका में हैं। कांग्रेस इन वोटरों को ना खुद खोना चाहती है और न ही इंडी गठबंधन में उसके साथ शामिल दूसरे दलों को भी सांसत में डालना चाहती है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण अखिलेश यादव भी ठुकरा चुके हैं। वैसे भी उन्हें अपने वोटबैंक को लेकर कोई कशमकश नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्मृति शेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# मां पर कविताओं ने मुनव्वर को बनाया 'चितेरा' शायर

उर्दू साहित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब 'मुनव्वर राणा' ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधि-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधि का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देशी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी।

मुनव्वर राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानां को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। पारिवारिक सदस्य उन्हें 'मोटू' कहते थे, क्योंकि वह शुरू से ही शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे थे।




पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया। राणा का इंतजार 'पहलवानी का अखाड़ा' नहीं, बल्कि 'साहित्य जगत' कर रहा था। कविताओं ने ही उनको 'मोटू' से 'मुनव्वर राणा' स्थापित किया। ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति कि जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'मां' के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दर्शाने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेंगी।.... 'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई...। इन लाइनों में भावुकता और मार्मिकता का ऐसा संगम समाहित है जिसे सुनकर रूहें कांप उठती हैं। एक वक्त था जब शायरी के लिए सजने वाली कोई ऐसी महफिल नहीं होती थी जिसे वह अपनी शायरी से न लूटते हों? जहां उनकी मौजूदगी होती थी, तो वहां दूसरे शायर जाने से भी कतराते थे। महफिलों के अनगिनत किस्से हैं जो उनसे जुड़े हुए हैं।

हैदराबाद के एक मुशायरे में अपने कलामों के बारे में एक दफे कहा था कि 'वह गजल को कोठे से उठाकर माँ तक ले आए हैं'। वह एक ऐसा संदेश था जिसने सीधे राजनीति पर प्रहार किया था। वहीं, दुबई के एक मुशायरे में जब उन्होंने एक मां पर लिखी शायरी की एक लाइन पढ़ी, तो वहां बैठे दूतावास के एक बड़े अधिकारी बिलख-बिलख कर रोने लगे। उन्होंने तुरंत अपनी मां को फोन लगाया, और मांफी मांगी। बाद में पता चला उस अधिकारी की मां से कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। उनकी शायरी में ऐसी ही ताकत थी कि बिछड़ों को भी एक करने का मादा रखती हैं। राणा बेबाक राजनीतिक बयानबाजी को लेकर बीते कुछ वर्षों से ज्यादा चर्चाओं में थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के दोबारा जीतने पर लखनऊ से पलायन करने की भी बात कह दी थी। उन्हें वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था जिसे बाद में उन्होंने लौटा दिया था। तब से वह कुछ ज्यादा ही सियासतदानों के निशाने पर आ गए। दरअसल, उनकी चुभने वाली बेबाक बयानबाजियां ही उन्हें हमेशा परेशान करती रहीं। गले के कैंसर से पीड़ित 71 वर्षीय इस शायर का विवादों से कभी नाता छूटा ही नहीं? हालांकि उनके विवाद इसलिए कमतर आंके जाते हैं क्योंकि उन्होंने उर्दू साहित्य विधा पर जो अमिट छाप छोड़ी, वह अकल्पनीय है। उनके योगदान को पीढ़ियां याद रखेंगी। उनके जाने से उर्दू-साहित्य को निःसंदेह बड़ी क्षति हुई है। मुनव्वर उर्दू के बड़े शायर होते हुए भी अपने शेरों में अवधी और हिंदी जमकर प्रयोग करते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। - **श्रीश्री रविशंकर**

## गुरु अपने ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी

11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ष 1989 से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए जागरूक करना है। इस वर्ष के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम है, 'सड़क सुरक्षा नायक बनें'। अर्थात हमें खुद तो सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक होना चाहिए ही, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करना भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। - परेश सिंहा, दुर्ग

## ट्रेंड

### अच्छी बातचीत



रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मेरा फेक वीडियो



मेरा वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। आप सब से विनती है के ऐसे वीडियो या एप या विज्ञापन आपको अगर नजर आए तो उन्हें तुरंत रिपोर्ट करें।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### राजनीतिक लाभ



राम लला के मंदिर निर्माण की मांग 1984 तक न आरएसएस, न जनसंघ और न ही भाजपा ने सोची। जब भाजपा ने 1984 के लोकसभा चुनाव में 2 सीटें जीती तब उन्होंने बाबरी मस्जिद राम मंदिर का लाभ राजनीतिक लाभ के लिए उठाया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### प्रतीक्षित सौभाग्य



दस दिन से निरंतर यात्रा में हूं। हर्षित हूं कि अयोध्या में शताब्दियों से प्रतीक्षित सौभाग्य पल का सम्पूर्ण विश्व साक्षी होगा। इक्कीस जनवरी को अयोध्या जी में ही अपने अपने राम से मेरे राघवेंद्र के गुण स्तवन का सौभाग्य भी मुझ अकिंचन को प्राप्त होगा।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया का हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने सोमवार को दावा किया कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की एक नयी हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है जो क्षेत्र में अमेरिका के दूरस्थ ठिकानों पर हमला कर सकती है।



उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया में यह खबर तब आयी है जब एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के समीप एक स्थान से मिसाइल दागे जाने का दावा किया था। इससे दो महीने पहले उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की नयी मिसाइल के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो गुआम और जापान में अमेरिकी सेना के ठिकानों को निशाना बनाने वाले हथियारों को विकसित करने के उसके कदमों को दिखाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि रविवार को किए परीक्षण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस ईंधन चालित इंजनों की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक विस्फोटक की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। उसने परीक्षण को सफल बताया। केसीएनए ने यह नहीं बताया कि क्या उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन परीक्षण स्थल पर मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम



अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# आधुनिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास की ओर अभूतपूर्व कदम



"आज हमारे पास साधन हैं, हमारे पास सामर्थ्य है, हमारे पास दुनिया का सबसे बेहतरीन टैलेंट है।"

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, पालसमुद्रम

का उद्घाटन

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा

16 जनवरी, 2024 | सायं 4:00 बजे | पालसमुद्रम

## राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (नासिन), पालसमुद्रम की विशेषताएं

- अप्रत्यक्ष कराधान के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए भारत सरकार का शीर्ष संस्थान
- केंद्रीय राजस्व के साथ-साथ सहयोगी केंद्रीय सेवाओं, राज्य सरकारों और भागीदार देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षण
- ऑगमेंटेड और वर्चुअल रियलिटी, ब्लॉक-चेन के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम
- WCO, UNEP, UNODC और SASEC द्वारा मान्यता प्राप्त अकादमी
- सीमा शुल्क, जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ड्रग कानून, एंटी मनी-लॉन्ड्रिंग, जाली नोट, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार एवं अन्य विषयों का प्रशिक्षण
- आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में स्थित 500 एकड़ का पर्यावरण अनुकूल हरा-भरा परिसर
- जनमानस के लिए परिसर में डाकघर, बैंक शाखा, सुपरमार्केट, विद्यालय, अस्पताल आदि सुविधाएं
- स्थानीय निवासियों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और आस-पास के क्षेत्र में विकास को बल




नासिन, पालसमुद्रम की अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

cbc 15502/13/0027/2324

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

# इस सुपरस्टार संग करना चाहती हैं काम

विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म '12वीं फेल' इन दिनों देश से लेकर विदेशों तक चर्चा में बनी हुई है। हर कोई फिल्म की कास्ट विक्रांत मैसी और मेधा शंकर के अभिनय की जमकर तारीफ करते हुए नजर आ रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। अब हाल ही में, '12वीं फेल' एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड के फेमस अभिनेता रणबीर कपूर संग काम करने की इच्छा जताई है। अब हाल ही में जब एक इंटरव्यू में मेधा से पूछा गया कि वह किस एक अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा 'सिर्फ एक, और फिर उन्होंने रणबीर कपूर का नाम लिया'। उनका ये जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद यूजर इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया देने लगे। '12वीं फेल' में श्रद्धा शुक्ला का किरदार निभा कर एक्ट्रेस मेधा शंकर इन दिनों लाइमलाइट में बनी हुई हैं। हर किसी ने फिल्म देखने के बाद उनके अभिनय की तारीफ की।

आईएमडीबी ने अपनी 250 टॉप भारतीय फिल्मों की लिस्ट में पहले पायदान पर 12वीं फेल को रखा है। इस फिल्म ने ब्लॉकबस्टर मूवी बाहुबली 2, दंगल और 3 इडियट्स जैसी फिल्मों को भी रेटिंग में पीछे छोड़ दिया है। 12वीं फेल को आईएमडीबी पर 51 हजार से ज्यादा लोगों ने 9.2 की रेटिंग दी है।



# कच्चा बादाम गर्ल ने दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** कच्चा बादाम गर्ल के नाम से मशहूर अंजलि अरोड़ा पॉपुलर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। पिछले साल अंजलि का एक वीडियो लीक हुआ था, जिसके बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी। अंजलि ने उस वीडियो को मार्फ्ड और फेक बताया था। अब अंजलि ने फेक एमएमएस वीडियो लीक मामले में एक्शन लिया है। अंजलि ने एफआईआर दर्ज कराई है। अंजलि ने सोशल मीडिया पर इस कंफर्म भी किया है। इसी के साथ उन्होंने लिखा- भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वहीं अंजलि ने कहा- 'हां, ये सच है लेकिन मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूं कि आप मेरी पीआर टीम से कनेक्ट करें। वो आपको पूरी डिटेल्स देंगे। इसके बाद अंजलि की पीआर टीम ने बताया, 'हां अंजलि ने एफआईआर दर्ज करवा दी है। पुलिस ने इस मामले में जांच भी शुरू कर दी है। अंजलि काफी पॉपुलर स्टार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही एक लग्जरी घर भी खरीदा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंजलि का ये घर 4 करोड़ का है। अंजलि ने अपने घर की इनसाइड झलक दिखाई थी। बता दें कि अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 13 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अंजलि के रील्स वीडियो छाए रहते हैं। इसके अलावा अंजलि ने कंगना रनौत के शो लॉकअप में भी हिस्सा लिया था।



HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा
दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना
चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

# दि राजा साब में नजर आएंगे सुपरस्टार प्रभास



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म दि राजा साब में काम करते नजर आएंगे। प्रभास ने अपनी आने वाली नयी फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम दि राजा साब है। दि राजा साब के पोस्टर में प्रभास टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल पहने सडक पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। दि राजा साब का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा इस फेस्टिवल के सीजन पर दि राजा साब का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। फिल्म दि राजा साब का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है, वहीं दि राजा साब का म्यूजिक थमन एस तैयार करेंगे। वहीं अभिनेता प्रभास की मच अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज डेट आ गई। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में पर्दे पर दस्तक देगी। इसमें प्रभास के अलावा अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी भी अहम किरदार में नजर आएंगे। इसका निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है जिसमें प्रभास का लुक शेयर किया गया है। ये फिल्म हिंदी के अलावा तेलुगू में भी रिलीज होगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 8223883311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

## दादा का किरदार निभाएंगे आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक बनाने को लेकर चर्चा है। विक्रमादित्य मोटवाने पहले इस फिल्म को निर्देशित करने वाले थे। अब चर्चा है कि रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या इस फिल्म को निर्देशित कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सौरव गांगुली का किरदार निभाने के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया गया है। इससे पहले कार्तिक आर्यन का नाम भी इस रोल के लिए सामने आ रहा था। यदि सबकुछ सही रहा तो आयुष्मान खुराना, सौरभ गांगुली की बायोपिक में नजर आ सकते हैं। एक साक्षात्कार में आयुष्मान ने बताया कि इस साल 2024 में मैं और भी ज्यादा अपने मन की बात सुनूंगा।



## मशहूर मलयालम संगीत निर्देशक जे जॉय का निधन

**चेन्नई।** मशहूर मलयालम संगीत निर्देशक के जे जॉय का सोमवार को चेन्नई में उनके घर पर निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। जे जॉय 1970 के दशक में कीबोर्ड जैसे उपकरणों के इस्तेमाल से मलयालम फिल्म संगीत जगत में पहले 'तकनीकी संगीतकार' के रूप में मशहूर थे। जे जॉय का अंतिम संस्कार बुधवार को चेन्नई में होगा। 1946 में केरल के त्रिशूर जिले के नेल्लिकुन्नु में पैदा हुए जॉय ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दशकों लंबे करियर के दौरान दो सौ से ज्यादा फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया। जे जॉय ने 1975 में मलयालम सिनेमा में अपनी शुरुआत की और तब से वह कई गानों के निर्माता रहे जिन्होंने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह जॉय के प्रयोग ही थे जिसके कारण मलयालम फिल्म संगीत परिदृश्य में भारी बदलाव आया।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

आवश्यकता है- ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525. (RO-6301)

आवश्यकता है- बुक स्टॉल में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। ग्रेजुएट एवं अंग्रेजी की जानकारी आवश्यक। संपर्क- श्री रामचंद्र बुक स्टॉल, राज टॉकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर (RO-325)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कार एसेसरीज दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.(RO-59)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर (छ. ग.) मो. 74699-80000, 0771- 4075490 (RO-1078)

आवश्यकता है- रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- जानवरों की सेवा करें और बढ़िया वेतन कमाए। चंदखुरी रायपुर (छ. ग.) स्थित कुत्तों के अस्पताल में लड़कों की आवश्यकता है। रहने, खाने की पूरी सुविधा। मो. 9981116741, जीव प्रेमियों का स्वागत।(RO-7459)

**सेल्सगर्ल/सेल्समैन**

आवश्यकता है- बैडमिंटन गटींग एवं शॉप के लिए सेल्समैन/सेल्सगर्ल (कपड़े दुकान में कार्य किये अनुभवी को प्राथमिकता) की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार+ कमीशन संपर्क मैक स्पोर्ट्स मैक कॉम्प्लेक्स कोटा रायपुर 8982112440, 8319501931.(RO-2423)

**वेल्डर/हेल्पर**

आवश्यकता है- 3 वेल्डर और 5 हेल्पर की आवश्यकता है ,हेल्पर में महिला भी स्वीकार्य है। संपर्क करें - अवंती बाई चौक सुपेला भिलाई बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे मो.- 87700 35188.(RO-386)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- दुर्ग ,छावनी, भिलाई , चरोदा, कुम्हारी के लिए सुरक्षा गॉर्ड कि आवश्यकता है कृपया तुरन्त संपर्क करे। वेतन - 8000- 10000 द रेड बैरेट सिक्युरिटी 150,आकाशगंगा सुपेला भिलाई 78283-72777, 89820-00831.(RO-391)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6 सर्विस टेक्निशियन 2 telly caller 2 [ anubhav avashyak nahi] संपर्क करें दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2420)

**ऑफिस सहायक**

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवकों की आवश्यकता है वेतन 10,000+ कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति लगभग वेतन 30,000 अनुभव की आवश्यकता नहीं, दसवीं पास या फेल मों:- 6265100904. (RO-3694)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 20000+ बोनस+ कमीशन 15000 मासिक कमायें रहना+ ट्रेन टिकट फ्री सम्पर्क करें- 6260747949, 8827688865.(RO-32563)

आवश्यकता है- कानपुर झांसी में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल किराया आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाए 15000 से 20000 सम्पर्क बिलासपुर 8770508791, 7225815090, 6266578863. (RO-32560)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वीं 12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15-20 हजार सम्पर्क- सरकंडा बिलासपुर 8871422576, 8827688865.(RO-1303)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां, ग्रहणियां, स्टूडेंट, कमाए ( 21,500- 67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें-9330460875, 6296026501.(RO-6730)

**Education शिक्षण**

शीर्षक-फेल विद्यार्थी समय बचाए- पत्राचार ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं, 12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH-NIC, B.Tech, (* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515 (RO- 6313)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। संपर्क करें:-मो :- 78287-81009. (RO -371)

प्लॉट उपलब्ध है- भूमि बेचना है रजिस्ट्री फ्री भिलाई- दुर्ग से नज़दीक शिवनाथ नदी के पास, फार्म हाऊस के लिए 12 एकड़ में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 151/- रू. वर्गफीट में उपलब्ध है। मो.न. - 9827423470. (आरो न.- 382)

**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है- फ्लैट नं. 301, 302 तीसरे फ्लोर में कुल 1555 Sqft. में बना हुआ 4 बेडरूम, हाल, किचन, सर्वेंट रूम, स्टोर रूम, सर्वसुविधायुक्त फ्लैट बेंचना है। पता- श्रीराम रेसीडेंसी शंकरनगर बाटल हाऊस के पास रायपुर संपर्क करें- 9977345867 (RO -1065)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। पता:- 2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg संपर्क:- स्वामी कुलदीप जी 8059178317. (RO-2387)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

छोटा विज्ञापन

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
• गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
• शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
• लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
• शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
• आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
• चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
• नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टेण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

गुप्त रोग चिकित्सा
मशीनों द्वारा जांच
मात्र 1 दिन में ईलाज
•शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
•शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
•वीर्य में शुक्राणुओं की कमी
•सेक्स से भय • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
•लिंग में छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन
•पेशाब में धातु जाना • स्वपन दोष
विशेष ईलाज :- वात रोग, बवासीर, पथरी, सफेद दाग, पेट में गैस, कब्ज रोग, खून की कमी, कमजोरी, गन्जापन, बाल झड़ना
आरोग्य केयर चिकित्सालय
सोसायटी वस्त्र भंडार के सामने, जलेबी चौक, पावर हाउस, भिलाई
मो.: 98936 59105
समय: सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र
1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
आई.व्ही.एफ.
इक्सी
आई.यू.आई.
लेप्रोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

## जैकेट के शेष

### दिल्ली की वानर...

भी होगा। यह शो दिल्ली के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। वृंदावन की संगीतमय राममंडली के साथ रायपुर के भी छह लोग रामायण पाठ करेंगे। राजधानी रायपुर की सामाजिक संस्था कुछ फर्ज हमारा भी ने देश में पहली बार इस तरह का आयोजन करने की योजना तैयार की है। इस योजना के लिए लगातार तैयारी चल रही है। राम मंदिर और राम दरबार की झांकी राजनांदगांव में बनाई जा रही है। अयोध्या में जो राम मंदिर बन रहा है, उसी के दर्शन यहां की झांकी में होंगे।

**राम मंदिर से होगा प्रारंभ :** चलित अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ 21 जनवरी को सुबह 9 बजे राम मंदिर से होगा। यहां से दस वाहनों का काफिला चलेगा, जो दूसरे दिन 22 जनवरी को 11 बजे मारुति मंगलम गुढ़ियारी में समाप्त होगा। पहले दिन 21 जनवरी को राम मंदिर से चलते हुए तेलीबांधा, अंवति विहार, खम्हारडीह, कचना से विधानसभा रोड, मोवा, पंडरी, जेल रोड, फाफाडीह, रेलवे स्टेशन, तेलघानी नाका चौक होकर राठौर चौक तक का सफर तय होगा। रात को 9 बजे से सुबह 6 बजे तक राठौर चौक में वाहनों को खड़े करके वहां पर रातभर रामायण का पाठ होगा। दूसरे दिन सुबह 6 बजे से फिर से काफिला रवाना होगा। रामसागर पारा, अग्रसेन चौक, समता कालोनी, चौबे कालोनी, राजकुमार कॉलेज, महोबा बाजार होते हुए भारत माता चौक गुढ़ियारी के बाद मारुति मंगल में इसका समापन होगा। दो दिनों में 40 किलोमीटर का सफर तय होगा। बीच में एक सेकंड के लिए भी पाठ नहीं रुकेगा।

### 11 हजार लीटर तेल...

रुई से इसे तैयार कर रहे हैं। 11 लाख 11 हजार दीयों के लिए 11 हजार लीटर तेल मंगवाया गया है। इसके अलावा आयोजन में इस्तेमाल होने वाले दीए किसी एक स्थान के ना होकर पूरे राज्यभर के होंगे। पूरे राज्य के कुम्हारों से मिट्टी के दीपक आयोजन के लिए खरीदे जा रहे हैं। दीयों की कुछ खेप राजधानी आ गई है, तो कुछ आ रही हैं। दुर्ग, धरसींवा, गिरौदपुरी, थान खम्हरिहा सहित अन्य शहरी क्षेत्रों के अलावा जगदलपुर, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से दीपक मंगाए जा रहे हैं, ताकि पूरे प्रदेश की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**लेजर शो में दिखेगी राम गाथा :** दीप प्रज्ज्वलन के साथ लेजर शो की भी व्यवस्था यहां की जा रही है। लेजर शो में राम गाथा लोगों को नजर आएगी। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेजर शो के लिए भी बाहर से कलाकार बुलाए जा रहे हैं। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए लेजर शो की बारीकियों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दोपहिया और चारपहिया वाहनों के पार्किंग के लिए व्यवस्था की जा रही है। यह भी पूरी तरह से निशुल्क है।

**कोलकाता से आएंगे आतिशबाज :** दशहरा में रावण दहन के दौरान डब्ल्यूआरएस मैदान में भव्य आतिशबाजी की जाती रही है। इसी तर्ज पर यहां भी भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इसके लिए खासतौर से कोलकाता से कारीगर आएंगे, जो आतिशबाजी की व्यवस्था संभालेंगे। गौरतलब है कि कोटा गुढ़ियारी के मैदान में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री यहां कथा वाचन करेंगे।

### झोपड़ी में आग, तीन...

पर जाकर देखा कि बुधराम बैगा की झोपड़ी जल कर खाक हो गई थी और वहां बुरी तरह जली हुई अवस्था में तीनों के शव भी दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही कुकदुर थाना प्रभारी सावन सारथी ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना पश्चात घटना स्थल पर शवों के करीब गैस सिलेंडर रखा हुआ था और वहीं पास में चूल्हा होना बताया गया जिससे प्रथमदृष्टया यह मामला फिलहाल गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण हुई दुर्घटना ऐसा माना जा रहा है। बहरहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### अयोध्या में कांग्रेस नेताओं...

नहीं है। यह मंदिर सभी लोगों का है। घटना के बाद कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा मौके पर शुरू हो गया है। कांग्रेस की ओर से हंगामा और नारेबाजी शुरू हो गई है। कांग्रेस के खिलाफ भी कुछ लोगों ने एकजुट होकर नारेबाजी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यहां राममंदिर या देश का झंडा लेकर आना चाहिए। यहां कांग्रेस का झंडा लेकर आने की क्या जरूरत है। घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को लगी, कई कांग्रेस नेता घटनास्थल पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। हालांकि, जब मामला बढ़ा तो पुलिस ने लोगों को रोका। इस दौरान वहां मौजूद लोगों का कहना है कि कांग्रेस नेताओं को यहां कांग्रेस का झंडा नहीं फहराना चाहिए था। यहां तिरंगा या राम मंदिर का झंडा लेकर आना चाहिए था।

### उड़ान में 10 घंटे...

घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, कई उड़ानें रद्द हुईं या उनके परिचालन में देरी हुई। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली और गोवा के बीच उड़ान संख्या 6ई 2175 के सह-पायलट और अन्य सुरक्षाकर्मियों ने साहिल कटारिया के खिलाफ उड़ान में उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने की शिकायत दी है। यात्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने के लिए सजा), 341 (गलत तरीके से रोकने के लिए सजा) और 290 (सार्वजनिक रूप से हंगामा करने के लिए सजा) और विमान नियमावली की धारा 22 के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। **कोहरे से पांच उड़ानों का बदला रास्ता :** दिल्ली हवाई अड्डे पर आने वाली पांच उड़ानों के मार्ग में सोमवार सुबह खराब मौसम के कारण परिवर्तन किया गया। देर रात एक बजे से तड़के पांच बजे के बीच चार उड़ानों को मार्ग परिवर्तित कर जयपुर और एक उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया। रविवार को 10 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया था और कुछ को रद्द किया गया था। कम दृश्यता और घने कोहरे के कारण हवाई अड्डे पर विमान संचालन काफी प्रभावित हुआ है।

## पेज एक के शेष

### सबसे बड़े मुर्गा बाजार में ...

राज्यों से मुर्गा लड़ाई में दांव लगाने लग्जरी महंगी गाड़ियों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस साल भी उनकी आमद हो रही है।

### पूछा- उज्ज्वला सिलेंडर मिला...

पड़ता था, उन्हें जलाकर ही खाना बना पाते थे, इस पूरे क्रम में बहुत समय जाता था लेकिन आज उज्वला योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर से खाना कम समय में आसानी से बन जाता है। इसी बीच, प्रधानमंत्री ने पूछा- कोई नई रेसिपी सीखी या नहीं आपने ! जिसके जवाब में मनकुंवारी ने बताया कि अब धुस्का, भजिया जैसी चीज़ें आसानी से बना लेती हूं। मनकुंवारी हम पहाड़ी कोरवा हैं, हम पहाड़ों में रहने वाले हैं, पीने का पानी हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती थी लेकिन आज सरकार ने घर तक पीने का साफ पानी पहुंचा दिया है। श्रीमती मनकुंवारी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को इन योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया जिसे स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि- आपके धन्यवाद के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने न केवल इन योजनाओं का लाभ लिया बल्कि दूसरे हितग्राहियों को भी योजनाओं का लाभ दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि - जब योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलता है तो प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

**जनमन संगी के रूप में कार्य :** प्रधानमंत्री ने यह भी पूछा कि जनमन संगी के रूप में आप किस तरह से काम करती हैं। मनकुंवारी ने बताया कि मैं घर-घर जाती हूं। लोगों से पूछती हूं कि उन्होंने सरकार की किन योजनाओं का लाभ लिया है। पीएम जनमन योजना कमाल की है। जो काम बरसों में नहीं हुआ, वो अभी हो रहा है। सबकी जिंदगी में बहुत बदलाव आ रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी आपको मैं बधाई देती हूँ। प्रधानमंत्री ने इस पर उन्हें भी बधाई दी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग पहले साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रोटी, कपड़ा, मकान जैसी बुनियादी सुविधाओं को देखते हुए जो योजनाएं आरंभ की, उससे स्थिति काफी बदली है। प्रधानमंत्री इसकी मानिटरिंग भी कर रहे हैं। देश भर में विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए पहली बार एक योजना पीएम जनमन योजना तैयार की गई है और इसके क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री सीधी नजर रख रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बगीचा तहसील के हितग्राहियों से बात की।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# किसी के कहने पर *401* न करें डायल खाली हो जाएगा आपका बैंक अकाउंट

## सरकार ने देश के करोड़ों मोबाइल यूजर्स के लिए जारी किया अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ दिन पहले ही हमने आपको एक स्कैम के बारे में अलर्ट किया था कि कॉल फॉरवर्ड करके आपके बैंक अकाउंट को खाली किया जा सकता है और आपके नाम से नया सिम कार्ड भी लिया जा सकता है और अब सरकार ने इस संबंध में अलर्ट जारी किया है। बताया गया है, साइबर ठग लोगों को फोन करके कुछ बातों में भरमाते हैं और फिर *401* डायल करने के लिए कहते हैं। इस नंबर के साथ ठग आपको अपने नंबर को भी



डायल करने के लिए कहते हैं। वे कुछ इस तरह से बात करते हैं। .. सर, पार्सल कैंसिल करने के लिए *401* और यह...(ठग का नंबर) डायल करें। ऐसा करते हैं कि आपके फोन नंबर पर आने वाले कॉल और ठग के नंबर पर फॉरवर्ड हो जाते हैं।

### कैसे अपने जाल में फंसाते हैं ठग?

ये साइबर ठग लोगों को फोन करके कहते हैं कि आपका एक पार्सल आया है, कृपया डिलीवरी के लिए एड्रेस कंफर्म करें। जब आप कहते हैं कि हमने तो कोई पार्सल मंगाया ही नहीं है तो वे कहते हैं कि ठीक है लेकिन यह पार्सल आपके नंबर पर बुक हुआ है तो आपको कैंसिल कराना होगा। पार्सल कैंसिल कराने के लिए वे *401* डायल करने के लिए कहते हैं और इसी के साथ उस नंबर को भी डायल करवाते हैं जिस पर उन्हें कॉल को फॉरवर्ड कराना होता है। इसके बाद आपके नंबर पर आने वाले कॉल ठग के नंबर पर फॉरवर्ड हो जाते हैं। उसके बाद वह आपके नंबर से नया सिम कार्ड लेता है और आपका नंबर बंद हो जाता है। सिम कार्ड जारी होते ही ठग आपके बैंक अकाउंट में भी सेंध लगा देता है।

### गलती से कॉल फॉरवर्ड हो जाने पर यह करें

- अपने कॉलिंग एप को ओपन करें और सेटिंग में जाएं
- सेटिंग में जाकर कॉल फॉरवर्डिंग के ऑप्शन पर क्लिक करें
- यहां आपको दिख जाएगा कि कॉल फॉरवर्ड हो रहा है या नहीं
- यदि ऑन है तो उसे ऑफ कर दें
- अधिक दिक्कत होने पर कस्टमर केयर को कॉल करें और कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहें

# उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के विकास पर सहमति

## एस. जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास और विदेश मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं। एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शहरी विकास मंत्री के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।

**दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करेंगे :** सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर, विस्तृत और उत्पादक चर्चा की।



### आईएनएसटीसी एक महत्वपूर्ण परिवहन मार्ग

आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है।

### लाल सागर में उभरी स्थिति पर चर्चा

एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मुलाकात की। दोनों ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से लाल सागर से आवाजाही कर रहे व्यापारिक जहाजों को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। भारत लाल सागर में उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है।

## गृहमंत्री शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन, गुजरात के सारे कार्यक्रम रद्द



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है।

बहन राजेश्वरीबेन शाह के निधन के बाद अमित शाह ने गुजरात में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। राजेश्वरीबेन की उम्र 60 के आसपास थी। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि राजेश्वरीबेन की तबीयत कुछ समय से ठीक नहीं थीं और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने सोमवार तड़के अंतिम सांस ली। राजेश्वरीबेन का पार्थिव शरीर सोमवार सुबह अहमदाबाद में उनके आवास पर लाया गया है और उनका अंतिम संस्कार दोपहर में थलतेज श्मशान में कर दिया गया।


**कार्यालय संयुक्त संचालक समाज कल्याण जिला रायपुर (छ.ग.)**
कलेक्टोरेट परिसर रायपुर फोन नं. 0771- 4919323 ईमेल dpsw.raipur@gmail.com

क्रमांक / 2774/स्था. / 2024 रायपुर दिनांक 12/01/24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय संयुक्त संचालक समाज कल्याण जिला रायपुर अंतर्गत रायपुर एवं माना कैम्प में संचालित शासकीय संस्थाओ मे निवासरत अंतःवासियो एवं विद्यार्थियों के उपयोग में आने वाले खाद्यान्न / राशन एवं अन्य दैनिक उपयोग के वस्तुओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिले के स्थानीय किराना व्यवसायियो / फर्म से उपरोक्तानुसार आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

रूचि रखने वाले किराना व्यवसायी/फर्म उपरोक्तानुसार सामाग्री की आपूर्ति विषयक मुहरबंद निविदा अद्योहस्ताक्षरकर्ता में आमंत्रण प्रकाशन की तिथि के 30 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे के मध्य जमा कर सकते है।

निविदा के संबंध मे आवेदन पत्र, विस्तृत दिशा निर्देश, नियम, शर्ते कार्यालय से निविदा का फार्म शुल्क 500.00 रूपये मुख्य शीर्ष 0235-60 अन्य सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम 800 अन्य प्राप्तियां में चालान जमा कर प्राप्त कर सकते है।

संयुक्त संचालक
समाज कल्याण, जिला रायपुर

G-07108/1



**कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला - महासमुन्द (छ. ग.)**
Email-gmcmahasmund@gmail.com Phone No.07723-299171

क्रमांक/191 / क्रय/ शा.चि.म./2024 महासमुन्द, दिनांक. 12/01/2024

**केमिकल्स, ग्यासवेयर एवं अन्य सामाग्री प्रदाय हेतु प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के अधिनस्थ विभागों में संचालित यू.जी. लैब में लगने वाले केमिकल्स, ग्यासवेयर एवं अन्य सामाग्री प्रदाय हेतु फर्म / प्रदायकर्ता से खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है।

महाविद्यालय की वेबसाईट www.gmcmahasamund.edu.in से आनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्राप्त करे एवं निर्धारित निविदा प्रपत्र की शुल्क राशि रूपये 1000/- (रु. एक हजार रूपये मात्र) का अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.) के नाम से तैयार कर दस्तावेजों के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रारंभ तिथि | :- 12/01/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से। |
| निविदा अंतिम तिथि | :-10/02/2024 समय दोपहर 03:00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि | :- 12/02/2024 समय अपरान्ह 12:00 बजे। |
| निविदा खोलने का स्थान | :- कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद |

निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.gmcmahasamund.edu.in का अवलोकन कर सकते है। निविदा शुल्क की राशि 1000 / - वापसी योग्य नही है।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुन्द (छ.ग.)

G-07110/2



**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

षष्ठ निविदा – ई – प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website-www.cgmsc.gov.in

छत्तीसगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्रों में रू. 40.00 लाख तक के भवनों का निर्माण, उन्नयन, मरम्मत एवं विविध कार्य हेतु जोनल दर अनुबंध निविदा प्रत्येक नगर पालिका परिषद हेतु कार्य की निविदा राशि रू. 96.00 लाख

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्र. / 12561 / निर्माण / 2024
दिनांक 15/01/2024

| स.क्र. | नि.आ.सू. क्र. | नगर पालिका परिषद का नाम | स.क्र. | नि.आ.सू. क्र. | नगर पालिका परिषद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| बस्तर संभाग | | | | | |
| 2 | 9513 | दंतेवाड़ा | | | |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 17/01/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 28/01/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-39355/2 अधीक्षण अभियंता



**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

1. खुली ई–निविदा सं. 2024/आईआरसीटीसी/ईपीआर कंप्लायंस के लिए समय–समय पर संशोधित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत आईआरसीटीसी की ओर से ईपीआर अनुपालन की पूर्ति के लिए सेवा प्रदाता/एजेंसियों को काम पर रखने के लिए निविदा। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 07.02.2024 को 15:00 बजे। ई–मेल ggmrailneer@irctc.com
2. डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनी (डीएमसी) का इम्पैनलमेंट, ईओआई नं. 2023/आईआरसीटीसी/ सीओ/ टूरिज्म/ओबीटी, अखिल भारत आधार पर आउटबांड टूर पैकेजों के अतिथियों को बैकइंड सेवाएं प्रदान करना। इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया पूरे वर्ष खुली रहेगी और प्रत्येक वैकल्पिक माह पर जांच की जाएगी। ईओआई की पहली जांच की तिथि और समय 15.02.24 को 15:00 बजे होगा। ईओआई पूर्व बैठकें 23.01.24 और 30.01.24 को 15:00 बजे आयोजित की जाएंगी।
3. "कॉर्गो एजेंटों के इम्पैनलमेंट" के लिए ईओआई आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम (सीएआरजी)/7/2023/टूरिज्म/सीओ दिनांक 15.01.2024, प्री–बिड मीटिंग: 30.01.2024 को 12.30 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 15.02.2024 को 15:00 बजे, ई–मेल cargo@irctc.com
4. निविदा सं. जीईएम/2024/बी/4422635, आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं हेल्प डेस्क सेवाओं की अधिप्राप्ति। प्री–बिड मीटिंग (वीसी): 23.01.2024 को 12:00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: 05.02.2024 को 15:00 बजे।
5. निविदा सं. जीईएम/2023/बी/4377794, आईआरसीटीसी कस्टमर कॉन्टेक्ट सेंटर के लिए। जमा करने की अंतिम तिथि: 30.01.2024 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए क्र.सं. 1-5 के लिए www.irctc.com क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल क्र.सं. 1-5 के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com पर, क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in
आईआरसीटीसी लि., एम–13, दूसरा तल, पुंज हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT, OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**System Tender No. 151225/ NIT No.: 31/SAC/23-24 Dated: 12.01.2024**

Online Tenders are invited for the following works up to **02.02.2024 at 17.30 Hours**.

**Name of work** - Construction of Doma Stopdam in Block Abhanpur, District Raipur.

**Probable Amount of Contract: Rs. 177.02 Lakhs**
**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**


The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 19.01.2024, at 17.31 Hours**.(IST) onwards.

**NOTE** :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1, Raipur**
**For, Superintending Engineer**
**Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)**

G-07094/3



## शब्द पहेली - 5396



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4


**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5395 का हल




## सूडोकू नवताल - 5406

★★★★★ कठिनतम



### सूडोकू नवताल - 5405 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा



कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहनें और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।

## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले



जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।



## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है। *

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढ़ते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढ़ने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

## बदलते दौर में पैरेंट्स समझें
# बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी। *

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।




एडवाइस / अंजू जैन

# ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-

**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।



### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान बोरियत नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें। *



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

आज से इस साल के वेडिंग सीजन शुरू हो रहे हैं। इन कंपकंपाती सर्दियों में अगर आपकी मैरिज होने वाली है या फैमिली, रिलेटिव या फ्रेंड के घर मैरिज ऑकेजन में आपको शामिल होना है तो इस दौरान अपनी ड्रेसअप का खास ध्यान रखें। किस तरह की ड्रेसेस से आप वार्म ही नहीं अट्रैक्टिव वेडिंग लुक भी पा सकती हैं, बता रहे हैं आपको।

# कूल-कूल वेडिंग सीजन में पाएं वार्म-अट्रैक्टिव लुक

ड्रेसअप / संध्या सिंह



शादी चाहे अपने घर, परिवार में हो या फ्रेंड की, उस ऑकेजन में सभी खूब एंज्वॉय करना चाहते हैं। लेकिन मैरिज ऑकेजन अगर कड़कड़ाती सर्दी में हो तो शरीर को गर्म रखने के लिए सिर्फ शादी के उल्लास और खुशियों भर से काम नहीं चलता, अच्छे वार्म ड्रेसेस की भी जरूरत होती है। इसलिए सर्दियों में होने वाली शादी के दौरान, पहने जाने वाली ड्रेसेस को बहुत समझदारी से चुनें, वरना शादी के मंडप में जब आपकी सहेलियां और दूल्हे के दोस्त आपके चेहरे पर शादी की खुशियों का ग्लो देखना चाहेंगे, तब उन्हें सर्दी की कंपकंपाहट ही दिखेगी। आप बिल्कुल भी नहीं चाहेंगी कि ऐसा आपके साथ हो। इसलिए आपकी मैरिज हो या आपके किसी अपने की, उस ऑकेजन पर वियर की जाने वाली ड्रेस सोच-समझकर चुनें।

## सीजन सुटेबल हो ब्राइडल ड्रेस

अगर आपकी शादी इन सर्दियों में होने वाली है तो कुछ बातों को पहले ही समझ लें। अगर सर्दी के दिनों की शादियों में दुल्हन को ठंड लग रही हो तो वह कितना ही छिपाए, उसके चेहरे पर ठंड से उपजे तनाव की रेखाएं दिख ही जाती हैं। इसलिए इन दिनों, ब्राइडल ड्रेस विंटर सीजन के अकॉर्डिंग वार्म फैब्रिक की और कंफर्टेबल ही चुनें।

## चुनें वार्म फैब्रिक

अगर जनवरी से लेकर आने वाली फरवरी के बीच कभी भी आपकी मैरिज होने वाली हो और सारी रस्में रात में होनी हों, तो इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि अपने वेडिंग ड्रेसेस वार्म फैब्रिक की ही चुनें। वैसे यह समझदारी सिर्फ अपनी शादी तक ही सीमित ना रखें, अगर इन दिनों अपने फ्रेंड या रिलेटिव की शादी फंक्शन में शरीक होना हो और देर रात तक वहां रुकना हो, तो ऐसे मौके पर भी वार्म फैब्रिक ड्रेसेस ही पहनें। रात में होने वाली रस्मों में देर तक अकसर खुले आसमान के नीचे बने मंडप में या हल्की सी छांव में बैठना होता है, इसलिए इस मौके के लिए जो स्पेशल वेडिंग ड्रेस बनवाएं, कोशिश करें वो सिल्क, वेलवेट या वुलेन मिक्स कॉटन की हो। इन फैब्रिक में हर तरह के डिजाइन खूबसूरती से उभरती हैं और ये सर्दी की रातों में आपको वार्म फीलिंग देंगी।



गार्जियस लुक के लिए कैरी करें वूलेन स्टॉल



मैचिंग बूटीज से मिलेगा कंप्लीट लुक

## लहंगा हो ऐसा

आज भी अधिकतर युवतियां और महिलाएं लहंगे को ही शादी के लिए परफेक्ट ड्रेस मानती हैं। अगर आप भी बिना लहंगे के वेडिंग ड्रेस को कंप्लीट नहीं मानती हैं तो शौक से लहंगा पहनें। लेकिन उसमें आपको सर्दी ना लगे, इसके लिए लहंगे के नीचे न्यूड व्हाइट या ब्लैक कलर की फ्लीस टाइट्स जरूर पहनें। इसकी लंबाई थाई तक और आजकल तो उससे भी नीचे तक होती है और यह इस कदर शरीर से चिपकी होती है कि कुछ देर के बाद पहनने वाले को भी याद नहीं रहता कि उसने नीचे ऐसी कोई लेयर पहन रखी है। इससे मूवमेंट में भी किसी तरह की मुश्किल नहीं होती और सर्दी से भी भरपूर बचाव होता है। इसके साथ ही सर्दी के मौसम में होने वाली शादियों के लिए जब भी लहंगा खरीदने जाएं तो वुलेन या वेलवेट को ही चुनें। इन दोनों ही फैब्रिक में एक से बढ़कर एक शानदार लहंगे आपको बाजार में मिल जाएंगे। इन फैब्रिक से बना लहंगा, आपका खूबसूरत परी जैसा रूप तो निखारता ही है, आपको अंदर से गर्म भी रखता है। इस वजह से आपके चेहरे पर ठंड की कंपकंपाहट के बजाय गरमाइश की चमक बनी रहती है।

## पहनें फुल स्लीव्स ब्लाउज

हालांकि इन दिनों फिर से फुल स्लीव्स ब्लाउज का फैशन जोर-शोर से लौट आया है, लेकिन फैशन को फॉलो ना करें तो भी जब सर्दियों में शादी हो रही हो, तो आप स्लीवलेस या हाफ स्लीव्स के बजाय, फुल स्लीव्स ब्लाउज को ही चुनें। इससे सर्दी से भरपूर बचाव होगा। यह दिखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। हाल के सालों में कियारा आडवाणी जैसी न्यू जेनरेशन बॉलीवुड एक्ट्रेस ने फिर से मैरिज फंक्शंस के लिए फुल स्लीव्स ब्लाउज को पहली पसंद बना दिया है। अगर ब्लाउज पहनने को लेकर आप मॉडर्न लुक फील नहीं करती हैं तो उसकी जगह आप जैकेट भी आजमा सकती हैं। यह आपके लुक को मॉडर्न ट्विस्ट देगा। इस तरह ट्रेडिशनल लुक के साथ आप ठंड से भी बचेंगी।



ठंड से बचाने में हेल्पफुल फुल स्लीव्स ब्लाउज

## बूटीज और स्टॉल

जब कड़ाके की सर्दियों में आप दुल्हन बन रही हों तो दो बातों का जरूर ख्याल रखें, पहला दुपट्टे को कैरी ना करें और दूसरा हाई हील फुटवियर से भी दूर रहें। दुपट्टे की जगह हैवी वेलवेट या कश्मीरी वुलेन का हाथ से बुना हुआ स्टॉल कैरी करें। यह दिखने में तो चार चांद लगाएगा ही, आपको गरमाइश भी देगा। इसी तरह हाई हील्स की बजाय बूटीज का चयन करें। एक तो इससे आपके लहंगे को कंप्लीट लुक मिलेगा, साथ ही यह आपके ब्राइडल लुक को एक्स्ट्रा ग्रेस देगी। इस तरह अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो इन सर्दियों में होने वाले वेडिंग फंक्शन में आप वार्म फील के साथ एक्स्ट्रा गार्जियस भी दिखेंगी। *

सजेशन / ललिता गोयल

# जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।



मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।

## नेल एक्सटेंशन प्रोसेस

नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

## प्रिकॉशन है जरूरी

अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।





## लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन

नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है। *

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

गार्डनिंग / अनु आर.

# किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। ब्रोकली भले अब विदेशी सब्जी ना होकर स्थानीय सब्जी बन गई हो, लेकिन भरपूर गुणकारी होने की वजह से दूसरी हरी सब्जियों के मुकाबले यह महंगी मिलती है। इसलिए बेहतर है, अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको शुद्ध ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।





**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। देसी खाद से भरपूर मिट्टी में इसे क्यारी बनाकर लगाना या चाहिए। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और बढ़ने तथा विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ब्रोकली को अगर उगा रही हैं तो जब उसके पौध 4 से 6 हफ्ते के हो जाएं तो उन्हें अलग-अलग गमलों में स्थानांतरित कर दें, दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम दो इंच रखें। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम ब्रोकली के लिए तीन सबसे अच्छे उर्वरक हैं। अगर सही ढंग से आपकी उगायी या लगाई गई ब्रोकली विकसित होती है, तो ब्रोकली का एक पौधा फसल में आपको एक सीजन में कम से कम 10 या 12 बार ब्रोकली का फूल दे सकता है। *




कहानी / अशोक जोशी

# गृह-प्रवेश



आनंद और महिमा बहुत खुश थे। बेटा शिरीष पहले ही कनाडा में जाकर बस गया था, अब बेटी श्रद्धा का घर भी बहुत अच्छे से बस चुका था। श्रद्धा के पति श्रेय और सास-ससुर का स्वभाव भी बहुत अच्छा था। वे दोनों अब रिटायर होकर सामाजिक कार्यों और पूजा-पाठ में संलग्न रहते थे। उनके नए घर के गृह-प्रवेश के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शिरीष भी खासकर कनाडा से आया हुआ था।

शिरीष ने आनंद से कहा, 'पापा, आप और मम्मी दोनों इस बार मेरे साथ ही कनाडा चलिए। हम वहीं रहेंगे।' आनंद ने कहा, 'नहीं बेटा, हमारा वहां मन नहीं लगता। बरसों से जिस जगह रहे हैं, वह छूटती नहीं है। हां, हम साल-दो साल में वहां घूमने के लिए आते रहेंगे।'

आनंद-महिमा बेटी के गृह-प्रवेश पर पहुंचे। मकान को बाहर से सजा-संवरा देखकर उन्हें और भी ज्यादा खुशी हुई। मुहूर्त काल में गृह-शांति पूजा संपन्न हुई। आनंद और महिमा ने दोनों को उपहार और आशीर्वाद दिया। खाने के लिए मेहमानों को दोपहर को बुलाया था। अभी मेहमानों के आने में देर थी, श्रद्धा के ससुर ने कहा, 'आनंद जी आइए, अपनी बेटी का घर देख लीजिए। घर बनते समय आपसे बहुत कहा था, लेकिन आप नहीं आ पाए थे। पूरी प्लानिंग श्रद्धा और श्रेय की ही है।' उन्होंने बारीकी से ग्राउंड फ्लोर का मुआयना किया। ऊपर जाते समय वह सीढ़ियां चढ़ने लगे, तभी श्रद्धा की सास ने कहा, 'भाई साहब आप लिफ्ट से चलिए। श्रद्धा ने जिद करके लगवाई है।' सुनकर आनंद जी को अटपटा लगा। उन्होंने श्रद्धा को समझाया, 'बेटा, ऐसी जिद अच्छी नहीं है। तीन मंजिल का ही तो मकान है। इसमें लिफ्ट की कोई जरूरत नहीं थी। वैसे ही मकान बनाने में खासा खर्चा आता है, उस पर यह अनावश्यक खर्च करना उचित नहीं था।'

'अरे आनंद जी, आप भी बेकार में श्रद्धा पर गुस्सा कर रहे हैं। हम रिटायर हो चुके हैं। सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते हमारी भी सांस भर जाती है। चलिए, लेकिन अपना गुस्सा ग्राउंड फ्लोर पर ही रख दीजिए।'

ऊपरी मंजिल भी बहुत करीने से बनाई हुई थी, जिसमें हर सुख-सुविधा का ध्यान रखा गया था। आगे चलकर जैसे ही आनंद जी और महिमा एक हॉल में दाखिल होने लगे, श्रद्धा के सास-ससुर ने उन्हें रोकते हुए कहा, 'ठहरिए आनंद जी, आप इसमें ऐसे ही प्रवेश नहीं कर सकते।'

'क्यों, क्या गलती हो गई हमसे?' आनंद जी ने विनम्र स्वर से पूछा। 'अब हम क्या बताएं, श्रेय और श्रद्धा ही आपको बताएंगे।' कहते हुए उन्होंने श्रद्धा को आवाज लगाकर पूछा, 'क्या कर रही हो, अभी तक तैयारी नहीं की?'

'आई पापा जी!' कहते हुए श्रद्धा ने कमरे का दरवाजा खोलते हुए मुख्य द्वार के सामने उसने एक लोटे में चावल भर कर रख दिए। फिर महिमा की तरफ मुखातिब होकर बोली, 'आइए मम्मी, इस लोटे को पैर से हटाते हुए अपने नए रैन बसेरे में प्रवेश कीजिए।'

'क्या कह रही हो, हमारी समझ में कुछ नहीं आ रहा है?' आनंद और महिमा युगल स्वर में बोले।

'मैं समझाता हूं, आपका बेटा शिरीष कनाडा चला गया है। श्रद्धा की भी शादी हो गई है। अब घर में आप दोनों बुजुर्ग दिन भर बोर होते होंगे। इसलिए हमने और श्रेय ने ही शिरीष और श्रद्धा को राजी किया कि अब से आप दोनों भी हमारे साथ रहेंगे। पहले तो दोनों मान नहीं रहे थे। फिर समझाने पर इस शर्त पर तैयार हुए कि इसके बनाने में जो भी खर्च आएगा, वह शिरीष ही देगा। इस उम्र में हम भी अकेले हैं। बेटे-बहू की और हमारी उम्र में एक पीढ़ी का अंतर है। कल को जब हमारे नाती-पोते होंगे तो उनके साथ खेलते हुए, आपके साथ-साथ हमारा समय भी कट जाएगा।' श्रद्धा के ससुर ने अपनी बात पूरी की।


'अरे वाह, आपने तो हमारे कमरे में पूजा का स्थान और स्टडी के लिए टेबल भी लगवा दी है।' आनंद जी ने बड़े से हॉल को करीने से सजा देखकर कहा।

'वह तो ठीक है, लेकिन लंच और डिनर हम साथ ही किया करेंगे। अब तो आपको समझ में आ ही गया होगा कि श्रद्धा ने लिफ्ट लगाने की जिद क्यों की थी?' कहते हुए श्रद्धा के ससुर ने अपनी बात पूरी की। *



## खबर संक्षेप

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 82.89 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपये में सोमवार को लगातार नौवें कारोबारी सत्र में मजबूती दिखी। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले छह पैसे बढ़कर 82.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.82 प्रति डॉलर पर खुला।

### देश का निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश का निर्यात दिसंबर 2023 में एक प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 38.45 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले महीने आयात 4.85 प्रतिशत घटकर 58.25 अरब डॉलर रह गया। 2023-24 के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा है।

### कल्याण ज्वेलर्स बिहार में खोलेगा तीन शोरूम




**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स इस महीने बिहार में तीन शोरूम खोलेगी। केरल स्थित कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, नए शोरूम बक्सर, हाजीपुर और पूर्णिया में खोले जाएंगे। इससे बिहार में उसके शोरूम की संख्या 13 हो जाएगी। इस बाजार में जबरदस्त संभावनाएं हैं। नए शोरूम खुलने से क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत होगी।

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ 56 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले 56 प्रतिशत घटकर 294 करोड़ रुपये रहा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 668 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय भी कम होकर 414 करोड़ रुपये रही, जो सितंबर तिमाही में 1,294 करोड़ रुपये थी।

### टीसीपीएल दो अधिग्रहण का करेगी वित्तपोषण

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (टीसीपीएल) अपने आंतरिक नकदी भंडार और ब्रिज फाइनेंसिंग के जरिये कैपिटल फूड्स लिमिटेड और ऑर्गेनिक इंडिया लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी। इन कंपनियों का सामूहिक उपक्रम मूल्य 7,000 करोड़ रुपये है। दोनों अधिग्रहण ऐसे क्षेत्रों के हैं जो वृद्धि का भारी अवसर प्रदान करते हैं। उन क्षेत्रों में मार्जिन आकर्षक है और कारोबार काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# चार साल में पांच सबसे अमीरों की संपत्ति दोगुनी, पांच अरब लोग और गरीब हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों के दौरान पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ी खाई पर ऑक्सफेम इंटरनेशनल ने ताजी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कई चिंताजनक बातें उभरकर सामने आई हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि एक तरफ गिने-चुने लोगों को बेतहाशा कमाई हो रही है, जबकि उसी के साथ-साथ दूसरी ओर अरबों लोग गरीब होते जा रहे हैं।

- अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ी खाई

ऑक्सफेम इंटरनेशनल ने यह रिपोर्ट स्विट्जरलैंड के दावोस में दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की होने वाली बैठक से ऐन पहले जारी की है। स्विट्जरलैंड के फेमस स्की डेस्टिनेशन दावोस में हर साल जनवरी महीने में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का आयोजन होता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के इस सालाना आयोजन में तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष, बड़े राजनेता और कारोबारी घरानों के दिग्गज जमा होते हैं।

## ऑक्सफेम इंटरनेशनल ने जारी की ताजी रिपोर्ट

### ये हैं दुनिया के 5 सबसे अमीर

फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट के हिसाब से अभी दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क हैं, जिनकी मौजूदा नेटवर्थ 230 बिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर 182.4 बिलियन डॉलर के साथ बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। अमेजन के जेफ बेजोस 176.9 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं 135.2 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ लैरी एलिसन चौथे स्थान पर और 132.3 बिलियन डॉलर के साथ मार्क जुकरबर्ग पांचवें स्थान पर हैं।



### 229 साल तक नहीं मिटेगी गरीबी

दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ मिला लें तो इसमें 4 साल में कई बड़े देशों की जीडीपी से ज्यादा ग्रोथ आई है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के अरबपतियों की सम्मिलित दौलत बीते 4 साल में 3.3 ट्रिलियन डॉलर बढ़ी है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की भारत की जीडीपी अभी करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। ऑक्सफेम ने आशंका जताई है कि अगर हालात ऐसे ही रहें तो जल्दी ही दुनिया को एक ट्रिलियन डॉलर की नेटवर्थ वाला पहला बिलेनियर मिल जाएगा, जबकि अगले 229 साल तक दुनिया से गरीबी नहीं मिटाई जा सकेगी।

### इस तरह बढ़ी आर्थिक असमानता

ऑक्सफेम की रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। पिछले चार सालों के दौरान कोरोना महामारी, युद्ध और महंगाई जैसे फैक्टर्स ने अरबों लोगों को गरीब बनाया है। साल 2020 के बाद अब तक दुनिया भर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। इसके साथ ही दूसरी ओर कुछ गिने-चुने लोगों की दौलत रॉकेट की रफ्तार से बढ़ी है।

## रिलायंस व एचडीएफसी बैंक में जोरदार खरीदी

# सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के पार, निफ्टी भी नए रिकॉर्ड पर

एजेंसी ⏭ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा। तेजी के सिलसिले के बीच सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में बढ़त में रहा और 759.49 अंक उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 202.90 अंक चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।


### उम्मीद से बेहतर तिमाही परीणाम

उम्मीद से बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक ने इस तेजी की अगुवाई की। आईटी शेयरों में जोरदार तेजी से सूचकांकों को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचने में मदद मिली। तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों ने भी तेजी को बढ़ावा दिया।

## आईटी सेक्टर में रही तूफानी तेजी

### आईटी कंपनियों को नए सौदे मिलने से शेयरों में आई तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'आईटी कंपनियों के नए सौदे मिलने और खर्च बढ़ने की उम्मीद से इनके शेयरों में आई खरीदारी ने बाजार को रफ्तार दी। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम करने की संभावना से अमेरिका बांड का प्रतिफल भी घट गया।'



### पांच सत्रों में निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ बढ़ी

शेयर बाजार में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी के बीच निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपए बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 376 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,972.72 अंक की जोरदार छलांग लगाई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 9,68,544.93 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस तरह कुल बाजार मूल्यांकन 3,76,09,510.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

- सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में 759 अंक बढ़ा
- विप्रो की छह प्रतिशत से अधिक की छलांग

*बैंकिंग व ऊर्जा कंपनियों ने लगाई लंबी छलांग : रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू बाजार ने दिग्गज आईटी शेयरों के साथ चुनिंदा बैंकिंग एवं ऊर्जा कंपनियों के दम पर लंबी छलांग लगाई। आईटी खंड और प्रौद्योगिकी खंड दोनों में 1.79- 1.79 प्रतिशत की तेजी रही।*

### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो ने छह प्रतिशत से अधिक की लंबी छलांग लगाई। एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी तेजी रही।

### ये शेयर रहे नुकसान में


दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में मामूली गिरावट रही। दोपहर के कारोबार में यूरोप के बाजारों में गिरावट का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार नरम रुख के साथ बंद हुए थे।

# सब्जियां, दालें महंगी होने से महंगाई बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 0.73 प्रतिशत पर
- थोक महंगाई का यह नौ माह का उच्चस्तर

थोक मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। यह इसका नौ माह का उच्चस्तर है। खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2022 में यह 5.02 प्रतिशत के स्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, 'वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही।' थोक मुद्रास्फीति का इससे पिछला उच्चस्तर मार्च, 2023 में दर्ज हुआ था। उस समय यह 1.41 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 9.38 प्रतिशत रही, जो नवंबर में 8.18 प्रतिशत थी।

### प्याज की मुद्रास्फीति 92 फीसदी रही

सब्जियों में प्याज की मुद्रास्फीति 91.77 प्रतिशत रही। अगस्त, 2023 से यह लगातार दो अंक में बनी हुई है। दिसंबर में आलू में मूल्यवृद्धि की वार्षिक दर शून्य से नीचे 24.08 प्रतिशत रही। ईंधन और बिजली क्षेत्र में दिसंबर में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 2.41 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर, 2023 में यह शून्य से नीचे 4.61 प्रतिशत थी।

### सब्जियों की महंगाई दर 26 प्रतिशत पर

दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर 26.30 प्रतिशत, जबकि दालों की महंगाई दर 19.60 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों में थोक मुद्रास्फीति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली वस्तुएं धान, दालें और सब्जियां थीं। दिसंबर, 2023 में सब्जियों और दालों में मुद्रास्फीति क्रमशः 26.30 प्रतिशत और 19.60 प्रतिशत थी, जबकि धान में यह 10.54 प्रतिशत रही।

## बिजनेस साइट

### कास्मो एक्सपो ट्रेड्स एंड बिल्ड फेयर का समापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित चार दिवसीय कास्मो एक्सपो ट्रेड्स एंड बिल्ड फेयर का सोमवार को समापन हो गया। इन दिनों में मिले शानदार रिस्पांस से उत्साहित रोटेरियंश ने यह तय किया कि आने वाले साल में और बेहतर ढंग से आयोजन करेंगे। जो कोई सेगमेंट छूट गया था उन्हें भी शामिल करने का प्रयास करेंगे। सहयोगी पार्टनर्स व स्टाल होल्डर्स का क्लोजिंग सेरेमनी में स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

प्रोग्राम चेयरमेन आशीष नत्थानी, क्लब प्रेसीडेंट रविन्द्र शिरे व सेक्रेटरी मनोज अग्रवाल ने कास्मो एक्सपो के सफल आयोजन में सभी का सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह एक्सपो हमारा या आपका नहीं बल्कि सबका था इसकी सफलता ने यह साबित कर दिया। खास बात ये भी है कि कास्मो एक्सपो में रायपुर या छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि समीपवर्ती राज्यों से भी लोग पहुंचे थे।

COSMO EXPO 2024

- सहयोगी पार्टनर्स व स्टाल होल्डर्स हुए सम्मानित

उनसे कुछ ने तो कास्मो एक्सपो का कान्सेप्ट मांगते हुए कहा कि वे भी अपने यहां इस प्रकार का आयोजन करना चाहते हैं। 350 से भी अधिक प्राइवेट व सरकारी सेक्टर के स्टाल यहां पर शामिल थे, स्टाल होल्डर्स भी इस बात से खुश थे कि काफी अच्छा रिस्पांस मिला। कॉस्मो दीवास की चेयर पर्सन वनिता सिंहल और शिल्पा अग्रवाल तथा रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो इनरव्हील क्लब की चेयर पर्सन संगीता सोमानी की महिला विंग ने भी इस सफल आयोजन में अपनी महती सहभागिता निभाई।

### बच्चों के सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल 'ब्लू बर्ड' का भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** बच्चों के नए सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ब्लू बर्ड चिल्ड्रंस हॉस्पिटल का शुभारंभ रविवार को विधानसभा रोड पर किया गया। हॉस्पिटल का उद्घाटन मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन बृजमोहन अग्रवाल के किया।

100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में सभी प्रकार की उच्च स्तरीय सुविधाएं हैं, जैसे- आपातकालीन सेंटर, एनआईसीयू, पीआईसीयू, बच्चों के लिए विशेष ऑपरेशन थियेटर आदि। यहां पहली बार बच्चों की विशेष सुविधाएं जैसे पूर्णकालिक शिशु रोग सर्जरी, ट्रामा सेंटर, हृदय रोगों की जांच व उपचार, बच्चों के एलर्जी व अस्थमा, चाइल्ड डेवलपमेंट विभाग इत्यादि उपलब्ध कराई जाएंगे। ब्लू बर्ड चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ममता लालवानी, डॉ. आलोक अग्रवाल और डॉ. शिल्पा भार्गव ने कहा कि यह अस्पताल बच्चों के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल होगा। यहां सभी प्रकार की सुविधाएं हैं और यह बच्चों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करेगा।



# बिजली क्षेत्र में नौ साल में व्यापक सुधार : सिंह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अब तक 16.93 लाख करोड़ रुपए का निवेश
- 17.05 लाख करोड़ रुपए के निवेश पर काम जारी है




केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार ने पिछले नौ साल में बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार किये हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2014 से लेकर अबतक बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में करीब 16.93 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जबकि 17.05 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर काम जारी है। सिंह ने यह भी कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये 80,000 मेगावाट क्षमता की तापीय बिजली परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न स्तर पर हैं। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में करीब 99,000 मेगावाट की क्षमता निर्माणधीन है। सिंह ने विद्युत नियम, 2024 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अबतक 16.93 लाख करोड़ रुपये निवेश किये गये हैं। कुल 16.93 लाख करोड़ रुपये में से 11.2 लाख करोड़ रुपये बिजली उत्पादन, वितरण और पारेषण क्षेत्र में जबकि 5.73 लाख करोड़ रुपये नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश किये गये हैं। मंत्री ने कहा कि साथ ही बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 17.05 लाख करोड़ रुपये का निवेश पाइपलाइन में है। इसमें से 7.4 लाख करोड़ रुपये बिजली क्षेत्र में जबकि 9.65 लाख करोड़ रुपये नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगाए जाएंगे।

*थोक उपभोक्ताओं की एक नई श्रेणी उभरेगी :ग्रिड से जुड़ने के लिए अलग से ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना, संचालन या रखरखाव के लिए लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। ऐसी सुविधा की अनुमति देने से देश में थोक उपभोक्ताओं की एक नई श्रेणी उभरेगी। वे अधिक किफायती बिजली और भरोसेमंद ग्रिड से लाभान्वित होंगे।*

### सोना 150 रुपए मजबूत, चांदी में 300 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के उछाल के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में अमेरिकी निवेश घटा

- जेएलएल इंडिया के अनुसार 2023 में निवेश 39 फीसदी गिरावट
- अमेरिका ने 2022 में भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में 2.2 अरब डॉलर निवेश किए



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रियल एस्टेट बाजार में अमेरिकी संस्थानों का निवेश पिछले साल (2023 में) 39 प्रतिशत घटकर 1.35 अरब डॉलर रह गया। जेएलएल इंडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिका स्थित संस्थागत निवेशकों ने 2022 में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 2.2 अरब डॉलर का निवेश किया था। अमेरिकी कोष आमतौर पर भारतीय रियल एस्टेट बाजार में सबसे बड़े निवेशक रहे हैं। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश 2022 के 515.1 करोड़ डॉलर से 2023 में 14 प्रतिशत बढ़कर 587.8 करोड़ डॉलर (5.87 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। जेएलएल इंडिया के अनुसार, यह वैश्विक आर्थिक विपरीत परिस्थितियों में भारत की मजबूती को दर्शाता है और निवेशकों का यह भरोसा 2024 में भी जारी रहने की उम्मीद है। वर्ष 2023 में कुल निवेश में 63 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी संस्थागत निवेशकों का रहा।

### अवाडा समूह गुजरात में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** अवाडा समूह ने गुजरात में 6,000 मेगावाट की हाइब्रिड पवन-सौर परियोजनाएं विकसित करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 10 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन-2024 के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में अवाडा समूह ने गुजरात सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक गठबंधन का लक्ष्य राज्य में करीब 40,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कुल 6,000 मेगावाट (6 गीगावॉट) क्षमता वाली हाइब्रिड पवन-सौर परियोजनाएं स्थापित करना है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
## ( जल जीवन मिशन )

### "ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" ( निविदा आमंत्रण सूचना )

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा ( प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर ) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें । आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कॉल | कार्य की लागत (रू. लाख) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 742/08.01.2024 | 151217 | Bhairamgarh | BIRABHATTI | $5^{th}$ call | 17.26 | 12945/- |
| 2 | 743/08.01.2024 | 151232 | Bhairamgarh | HINGUM | $6^{th}$ call | 16.82 | 12615/- |
| 3 | 744/08.01.2024 | 151220 | Bho.Patnam | NETIKAKLER | $5^{th}$ call | 07.50 | 5625/- |
| 4 | 745/08.01.2024 | 151226 | Bho.Patnam | ODRU | $5^{th}$ call | 07.01 | 5258/- |
| 5 | 746/08.01.2024 | 151222 | Bho.Patnam | HALBATUMIRGUDA | $5^{th}$ call | 06.72 | 5040/- |
| 6 | 747/10.01.2024 | 151316 | Usoor | SAPED | $5^{th}$ call | 23.87 | 17903/- |
| 7 | 748/10.01.2024 | 151318 | Bhairamgarh | KUDMER | $5^{th}$ call | 17.49 | 13118/- |
| 8 | 749/10.01.2024 | 151333 | Usoor | TUMRELA | $6^{th}$ call | 40.87 | 30653/- |
| 9 | 750/10.01.2024 | 151327 | Bho.Patnam | CHIPANPALLI | $5^{th}$ call | 5.46 | 5000/- |
| 10 | 751/10.01.2024 | 151329 | Bho.Patnam | GONDANUGUR | $5^{th}$ call | 11.84 | 8880/- |
| 11 | 752/10.01.2024 | 151331 | Bijapur | ISOOLNAR | $5^{th}$ call | 31.65 | 23738/- |
| 12 | 753/10.01.2024 | 151336 | Bhairamgarh | HURREPAL | $6^{th}$ call | 16.02 | 12015/- |
| 13 | 754/10.01.2024 | 151337 | Bhairamgarh | GHOTPAL | $6^{th}$ call | 19.47 | 14603/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक ( Bid due date) क्रमांक 01 से 05 दिनांक 12.02.2024, क्रमांक 06 से 13 दिनांक 16.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है । निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि ( Bid start date ) क्रमांक 01 से 05 दिनांक 10.01.2024 से एवं क्रमांक 06 से 13 दिनांक 12.01.2024 से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-07104/2



प्रारूप - 37
(नियम 61 (3) देखिए)
मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 172 तारीख 12/01/2024

श्री/श्रीमती / कुमारी **VIJAY KUMAR SARTHI, S/O- BABU LAL SARTHI, SHIV NAGAR JHANDA CHOWK, NEAR GIRVAR KIRANA STORE, NEW CHANGORA BHATA, RAIPUR (CG)- 492013** (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि **Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur** (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NV6817 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर



## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, पखांजुर जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/ मंडी/ निर्माण/ निविदा आमं./ 2023-24 / पंखाजूर, दिनांक - .......

### -:: मेन्युवल तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति - पखांजुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में निम्न दर्शित कार्यों के लिये कार्यो के सम्मुख दर्शित राशि लागत / पंजीयन श्रेणी (छ.ग.शासन के एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत) में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र - अ ( प्रतिशत दर) में लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 / विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित एस. ओ. आर. अनुसार कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति - पखांजुर, जिला उ.ब. कांकेर में दिनांक 27.01.2024 तक (कार्यालयीन समय में) केवल पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1.निविदा प्रपत्र जारी की अंतिम तिथि दिनांक 24.01.2024 2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की निर्धारित तिथि दिनांक 29.01.2024 (अपरान्ह 3.00 बजे)**

| क्रं | कार्य का नाम व स्थल | अनुमानित लागत एस.ओ.आर. पर (लाख में) | ब्याने की राशि रू.(FDR में) | कार्यावधि (वर्षाऋतु सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य मंडी प्रांगण पखांजुर - स्टॉफ क्वाटर–02 नग (भू-तल एवं प्रथम तल) निर्माण कार्य । | 39.80 | 30000.00 | 09 माह | 1000/- | "डी" एवं उच्च श्रेणी |

(1) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन, जी. एस. टी. पंजीयन / क्लियरेंस सहित, पेन कार्ड, वांछित बैंक साल्वेंसी (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की न्यूनतम मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने की अनिवार्यता उपरान्त ही निविदा प्रपत्र दिनांक 24.01.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शूल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा। निर्धारित बयाने की राशि एफ.डी.आर. के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति पखांजुर के नाम देय होगा, ही स्वीकार किये जा सकेंगे। (2) उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारियां इस कार्यालय में दिनांक 24.01.2024 कार्यालयीन समय तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है तथा इन शर्तों की पूर्ति नही पाये जाने की दशा में वित्तीय ऑफर लिफाफा "सी" नही खोला जा सकेगा। (3) किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का निर्णय का अधिकार मंडी प्रशासन / सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित होगा । (4) निर्माण कार्यों में प्रयुक्त खनिज सामाग्रियों की देय रायल्टी शुल्क जमा करने की जवाबदारी संबंधित एजेंसी की होगी । (5) संबंधित निविदाकार को मंडी समिति अथवा मंडी बोर्ड में कोई भी अधिकारी / कर्मचारी रिस्तेदार नही होने संबंधित घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा एवं सर्शत निविदा मान्य नही होगा ।

( बिरेन्द्र कुमार दिल्लीवार ), सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, पंखाजूर जिला
उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

(मोहरलाल शोरी) भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति,पंखाजूर
जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

S- 39359/3

चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को **4-1** से हराया

# रियल मैड्रिड बना स्पेनिश सुपर कप चैंपियन, विनीसियस की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| रियाद




विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने रविवार रात को खेले गए मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए जिससे रियल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा।

रियल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं। विनीसियस ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया।' रियल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

## टोटेनहैम ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जबकि ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे।



रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।



## जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

**अल रेयान।** खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में शानदार वापसी करके वियतनाम को 4-2 से हराया जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलीस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

**टेनिस :** सातवीं वरीय और विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा बाहर


# गॉफ और मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त और विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हालांकि पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे।

## ओसाका, मरे और वावरिंका बाहर



*दो बार की चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका पहले ही दौर में बाहर हो गईं। ओसाका को फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने 6-4, 7-6 (7-2) से हराया। पांच बार के उपविजेता एंडी मरे और 2014 के चैंपियन स्टैन वावरिंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में काफी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन दोनों अनुभवी जोड़ी सोमवार को पहले दौर में ही बाहर हो गईं। मरे अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी से 6-4, 6-2, 6-2 से हार गए। वहीं, वावरिंका को 20वीं वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो ने शिकस्त दी। मन्नारिनो ने यह मैच 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से जीत लिया।*

# प्रखर ने बनाए 'रिकॉर्ड 404* रन', कर्नाटक बना कूच बिहार चैंपियन

**638** गेंद खेले
**46** चौके ठोके
**03** छक्के जड़े
25 साल पुराना युवराज सिंह (**358** रन) का रिकॉर्ड टूटा




एजेंसी ▶▶| शिवमोगा

कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को यहां मुंबई के खिलाफ 638 गेंद में नाबाद 404 रन की पारी खेलकर युवराज सिंह का अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर का 25 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज युवराज ने 1999 में बिहार के खिलाफ फाइनल में पंजाब के लिए 358 रन की पारी खेली थी। प्रखर की पारी की बदौलत मैच ड्रॉ रहा और कर्नाटक ने पहली पारी में 510 रन की बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत के इस शीर्ष अंडर-19 टूर्नामेंट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड विजय जोल के नाम है जिन्होंने 2011-12 में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए नाबाद 451 रन की पारी खेली थी। प्रखर ने अपनी पारी में 46 चौके और तीन छक्के मारे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।'

### कर्नाटक ने जीती ट्रॉफी

*प्रखर की मैराथन पारी से कर्नाटक ने मुंबई के 380 रन के जवाब में आठ विकेट पर 890 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 510 रन की बढ़त हासिल की। मैच ड्रॉ रहा। कर्नाटक के लिए हर्षील दमानी ने भी 179 रन की पारी खेली। प्रखर के 400 रन के आंकड़े को पार करने के बाद दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। पहली पारी में बढ़त लेने के कारण कर्नाटक इस सीजन में कूच बिहार ट्रॉफी का चैंपियन घोषित किया गया।*

## योगेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीते दो स्वर्ण




**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

सात्विक और चिराग की जोड़ी पर भारत की निगाहें

# इंडिया ओपन में पदक जीतने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी।

सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे ।

### पुरुष एकल से पदक की उम्मीद

पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी जबकि पिछले सप्ताह पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी को हराने वाले श्रीकांत उस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। प्रणय और लक्ष्य मलेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह क्रमशः चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।




आवश्यकता है।

हरिभूमि

| पद | पदनाम |
|---|---|
| 12 | डेव्लपमेंट सहायक |
| वेतन | 15000+3000 |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 25 से 35 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 17/02/2024 तक
समय - शाम 5:00 बजे तक कार्यालय में जमा करें।
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

## मुलानी ने चटकाए 10 विकेट, मुंबई की लगातार दूसरी जीत

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला। मुलानी ने मैच में 161 रन देकर 10 विकेट चटकाए और प्रथम श्रेणी मैच में छठी बार 10 या इससे अधिक विकेट चटकाने में सफल रहे। मुंबई ने इसके जवाब में बिना विकेट खोए 8.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और उसे एक बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा: अलास्का टॉवर, जोरापारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए, जहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के पक्ष में भिजवाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय।

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें, वहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (डी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री साहू जीतेन्द्र कुमार, श्रीमती साहू नमिता,** प्लॉट-सी-26 विवेकानन्द रेसीडेंसी, फेस-II, ख.सं. 2248, 2248/5 2248/7 प.ह.नंबर 19/29, मौजा - सिलपहरी, बिलासपुर, छ.ग.-495001. **इसके अलावा:** मकान नंबर 770/1 ख, पुरानी बस्ती ब्राह्मण पारा, विद्यानिकेतन स्कूल के सामने, लोरमी - छत्तीसगढ़, पिन - 495007 - भारत. | ₹ 10,37,152/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | प्लॉट-सी-26 विवेकानन्द रेसीडेंसी, फेस-II, ख.सं. 2248, 2248/5 2248/7 प.ह.नंबर 19/29, मौजा - सिलपहरी, बिलासपुर, छ.ग. |
| 2. | **श्री खान मोहम्मद सालिक,** प्लॉट-267, सिलेक्शन न्यू टाउन, क्रमांक. 258, 259, 260, 261, 262, 265, 267, 268, 340, 341, 342, 349, 346, 347, 348, 350, 351, 352, 353, 358 का भाग; ग्राम- तुलसी रायपुर-493196. **इसके अलावा: श्रीमती कमरून** अमलीडीह, मकान नंबर - 63, अमलीडीह, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन -492001- भारत. | ₹ 11,67,857/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | यूनिट-267, प्लॉट-267, सिलेक्शन न्यू टाउन, क्रमांक. 258, 259, 260, 261, 262, 265, 267, 268, 340, 341, 342, 349, 346, 347, 348, 350, 351, 352, 353, 358 का भाग; ग्राम-तुलसी, रायपुर, छ.ग. |
| 3. | **श्री शेख शमसुद्दीन, श्रीमती बेगम रिहाना शमा,** खसरा 728/4(भाग), प.ह.नंबर 108/45, मौजा-मोवा, मकान नंबर, कुम्हारपारा ठाकरे वार्ड नंबर 26, दुबे कॉलोनी, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत. इसके अलावा: वार्ड नंबर 27 पीपलपारा, अंबेडकर, मोवा, एलआईजी कॉलोनी विद्युत नगर, पंचम दाई वाली गली, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001- भारत। **श्री शेख शमसुद्दीन,** केमीस्ट्रन विपन कॉर्नर एंड बिरयानी सेंटर, जवाहर नाला, विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर - रायपुर - 492001. | ₹ 13,09,339/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | खसरा 728/4(भाग), प.ह.नंबर 108/45, मौजा-मोवा, मकान नंबर, कुम्हारपारा ठाकरे वार्ड नंबर 26, दुबे कॉलोनी, रायपुर - छ.ग. |
| 4. | **श्री यादव रवि कुमार, श्रीमती यादव संतोषी बाई,** मकान खसरा नंबर 1529, खसरा नंबर 152/9, प.ह.नंबर 28, ग्राम-सिपीरी- बेमेतरा, छत्तीसगढ़, पिन - 491335- भारत. इसके अलावा:- मकान 365 वार्ड 15, नयापारा, भैरव मंदिर के पास, बेमेतरा, छत्तीसगढ़, पिन - 491335-भारत. **श्री यादव रवि कुमार,** स्वास्थ्य विभाग, बेमेतरा, सिविल सर्जन सह मुख्य, अस्पताल अधीक्षक, बेमेतरा-बेमेतरा- 491335. | ₹ 10,75,241/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | मकान खसरा नंबर 1529, खसरा नंबर 152/9, प.ह.नंबर 28, ग्राम-सिपीरी-बेमेतरा, छ.ग. |
| 5. | **श्री सिन्हा प्रदीप कुमार, श्रीमती सिन्हा मंजरी,** टॉवर नंबर 5, प्रथम तल, अपार्टमेंट नंबर 11, टाइप-F, सिलतरा सिटी (फेस-I) होटल विकासिटी के पीछे, कोटा रोड, कोटा, रायपुर -492002. यहां भी: सिलतरा सिटी, ब्लॉक नंबर 6 फ्लैट नंबर 21, द्वितीय तल, कोटा रोड, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन -492002- भारत। | ₹ 46,79,495/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | टॉवर नंबर 5, प्रथम तल, अपार्टमेंट नंबर 11, टाइप-F, सिलतरा सिटी (फेस-I) होटल विकासिटी के पीछे, कोटा रोड, कोटा, रायपुर-छ.ग. |
| 6. | **श्री नायर विजय, श्रीमती नायर चन्द्र विजय,** यूनिट-एच-नंबर-95, सालासर ग्रीन्स की हाउसिंग क्रमांक, ख. क्रमांक 308/2-3, 311/1-2 312/1-2-3, 313, 314, 315/2, 316/2-4 328/1-2-3, प.ह.नं. 104, ग्राम-सरोना, रायपुर-492001. **श्री नायर विजय,** फ्लैट नंबर 4, एलआईजी 198/B, जनता कॉलोनी, गुढ़ियारी, रायपुर, पिन -492001- भारत. **श्रीमती नायर चन्द्र विजया,** मकान नं. 198 B, तकवापारा नहर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर-रायपुर, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन -492001- भारत. | ₹ 40,37,197/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | यूनिट-एच-नंबर-95, सालासर ग्रीन्स की हाउसिंग क्रमांक, ख. क्रमांक 308/2-3, 311/1-2 312/1-2-3, 313, 314, 315/2, 316/2-4 328/1-2-3, प.ह.नं. 104, ग्राम-सरोना, रायपुर, छ.ग. |
| 7. | **श्री सिकदार गोपाल, श्रीमती सिकदार सुमी,** प्लॉट 4/20, ब्लॉक-13, खसरा 198/63, पुराना ख.नं. 198/16(भाग), फोन नं. 23/37, मौजा तिफरा, डॉ. अम्बेडकर वार्ड, वार्ड नंबर 5, यदुनंदन नगर, बिलासपुर छत्तीसगढ़, पिन - 495001-भारत. इसके अलावा: **पुत्र, नारायण चंद्र,** सिकदार हाउस नंबर 63, वार्ड नंबर 9 ग्रीन पार्क कॉलोनी - बिलासपुर छत्तीसगढ़, पिन-495001-भारत। **मेसर्स, मॉडर्न स्टूडियो,** दुकान नंबर C-16, नेताजी सुभाष कॉम्प्लेक्स, मंदिर चौक, बहतराई-बिलासपुर-छ.ग.-495001. | ₹ 15,64,036/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | प्लॉट 4/20, ब्लॉक-13, खसरा 198/63, पुराना ख.नं. 198/16(भाग), फोन नं. 23/37, मौजा तिफरा, डॉ. अम्बेडकर वार्ड, वार्ड नंबर 5, यदुनंदन नगर, बिलासपुर छ.ग. |
| 8. | **श्री निषाद गौतम कुमार, श्रीमती कुमारी पूनम,** प्लॉट नंबर C-96, कैपिटल सिटी Ph- III (ब्लॉक A एवं C) ख.नं., ख.नं. 326/1, 2 327, 328/1,2 329, 334 भाग द्वारा, 335/1,2 प.ह.नं.109, ग्राम- सड्डू, रायपुर छ.ग.-492014. इसके अलावा: मकान नं. 11, सृष्टि गार्डन, तेलीबांधा, जि रोड, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन-492001-भारत. | ₹ 15,29,672/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | प्लॉट नंबर C-96, कैपिटल सिटी Ph- III (ब्लॉक A एवं C) ख.नं., ख.नं. 326/1, 2 327, 328/1,2 329, 334 भाग द्वारा, 335/1,2 प.ह.नं.109, ग्राम- सड्डू, रायपुर छ.ग. |
| 9. | **श्रीमती चक्रवर्ती सुस्मिता, श्री चक्रवर्ती सुजीत कुमार,** फ्लैट नंबर H/504, पांचवी मंजिल, आकाश सिटी प्लाज़ा, क्रमांक. 80/22, प.ह.नं. 19, पोटियाकला, दुर्ग-491001. इसके अलावा: C/227-B, सेक्टर-6, सत्यम बुटिक के सामने, शिवानंद पार्क के पास, कल्याण नगर, रायपुर-छ.ग.-पिन- 492006भारत | ₹ 10,34,689/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | फ्लैट नंबर H/504, पांचवी मंजिल, आकाश सिटी प्लाज़ा, क्रमांक. 80/22, प.ह.नं. 19, पोटियाकला, दुर्ग, छ.ग. |
| 10. | **श्री रत्नाकर कुंदन लाल, श्रीमती रत्नाकर गायत्री,** मां हाउस-एलआईजी-195, पंडित दीनदयाल आवास योजना सोनडोंगरी, क्रमांक, ग्राम- सोनडोंगरी एवं ग्राम दतरेंगा, रायपुर- 492001. इसके अलावा: - एलआईजी-123, फेस-1, सेक्टर-1, CGHB कॉलोनी सोनडोंगरी, रायपुर नाका चौक - रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत. | ₹ 14,64,940/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | मां हाउस-एलआईजी-195, पंडित दीनदयाल आवास योजना सोनडोंगरी, ख.क्रमांक, ग्राम-सोनडोंगरी एवं ग्राम दतरेंगा, रायपुर-छत्तीसगढ़ |
| 11. | **श्री सिंह परमेंद्र, श्रीमती कौर पूजा,** फ्लैट-BL-2/102, फ्लोर-1, इंपीरियल हाइट्स एलआईजी फ्लैट्स, क्रमांक, खसरा नंबर 630, 631/1-2 635, 636, प.ह.नं. 103/23, ग्राम-सोनडोंगरी; तहसील एवं जिला-रायपुर-492001. इसके अलावा: - फ्लैट-C-202, ब्लॉक-C, गली नं. 03, शहीद भगत सिंह वार्ड 13, टाटीबंध, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन-492001, भारत. | ₹ 14,29,264/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | फ्लैट-BL-2/102, फ्लोर-1, इंपीरियल हाइट्स एलआईजी फ्लैट्स, क्रमांक, खसरा नंबर 630, 631/1-2 635, 636, प.ह.नं. 103/23, ग्राम-सोनडोंगरी; तहसील एवं जिला-रायपुर-छ.ग. |
| 12. | **श्रीमती अग्रम पुष्पा, श्री सिंह धरम,** यूनिट-69, सिद्धार्थ टाउन, फेज-2, ख.सं. 388/2-28, 390, 394; प.ह.नं. 01, ग्राम-उम्दा; तहसील-पाटन-जिला-दुर्ग-491001. **श्रीमती अग्रम पुष्पा,** पुलिस विभाग, इंदौर-रेलवे पुलिस, रेलवे स्टेशन, इंदौर शहर - इंदौर- 452002. इसके अलावा:- C-2, बड़वाली चौकी, सुभाष चौक, पुलिस लाइन, इंदौर शहर - इंदौर, पुलिस लाइन, इंदौर-मध्य प्रदेश, पिन-452002-भारत. **श्री सिंह धरम पुत्र स्व. सूर्य सिंह,** वार्ड नंबर 09, सिविल लाइन्स, पानी टैंक के पास, बैहर-बैहर, बालाघाट-बैहर-मध्य प्रदेश, पिन - 481111- भारत. | ₹ 6,95,631/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | यूनिट-69, सिद्धार्थ टाउन, फेज-2, ख.क्र. 388/2-28, 390, 394; प.ह.नं. 01, ग्राम-उम्दा, तहसील-पाटन-जिला-दुर्ग, छ.ग. |
| 13. | **श्री शेखर देवांशु, श्रीमती शेखर सिमा,** एलआईजी-89, सेक्टर-01, दीनदयाल आवास योजना, ख.क्र.,दीनदयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मंगला, नेहरू नगर डिवीजन-बिलासपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 495001-भारत. | ₹ 4,74,104/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | एलआईजी-89, सेक्टर-01, दीनदयाल आवास योजना, ख.क्र.,दीनदयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मंगला, नेहरू नगर डिवीजन-बिलासपुर-छत्तीसगढ़ |
| 14. | **श्री पांडे लक्ष्मी नारायण, श्रीमती पांडे छाया,** प्लॉट 109, हाउस शीट नंबर 19/15, खसरा 19/15 फोन नंबर 32, मौजा सरकंडा, बैहान पारा, पुराना सरकंडा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 32. इसके अलावा:-**पुत्र महालक्ष्मी पा,** शीतल रोड हनु ट्रेडर्स की बाजू वाली गली, पुराना सरकंडा, हनु ट्रेडर्स के बाजू, बिलासपुर छत्तीसगढ़, पिन - 495001-भारत. | ₹ 15,33,526/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | प्लॉट 109, हाउस शीट नंबर 19/15, खसरा 19/15 फोन नंबर 32, मौजा सरकंडा, बैहान पारा, पुराना सरकंडा, बिलासपुर, छ.ग. |
| 15. | **श्री चंदेल संग्राम सिंह, श्रीमती चंदेल शैलजा,** खसरा क्रमांक 23/10(भाग) पी.एच.नं. 118, मौजा बोरियाखुर्द, रायपुर-492001. इसके अलावा: पुत्र-संग्राम सिंह चंदेल, गिरी चौक, बढ़ई पारा, ठाकुर बाड़ा के पास, रायपुर छत्तीसगढ़, पिन - 492001-भारत. | ₹ 14,80,808/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | खसरा क्रमांक 23/10(भाग) पी.एच.नं. 118, मौजा बोरियाखुर्द, रायपुर, छ.ग. |
| 16. | **श्री अली जाहिद, श्रीमती बेगम साहिदा,** खसरा 232/78 प.ह.नं. 105/61, मौजा मठपुरैना, खाता 2383, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 51 रायपुर-छ.ग.-492001. इसके अलावा: चंद्रकार किराना स्टोर के पास, सुभाष नगर, कुम्हारी पारा, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001- भारत. | ₹ 7,75,747/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | खसरा 232/78 प.ह.नं. 105/61, मौजा मठपुरैना, खाता 2383, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 51 रायपुर-छ.ग.-492001. |
| 17. | **श्री नवानी सुमित कुमार, श्रीमती उमावती सिमीता, श्री नवानी विजय कुमार, श्री नवानी आशना,** प्लॉट खसरा नंबर 129(भाग), मकान प.ह.नंबर 17, मौजा बिल्हा, वार्ड नंबर 03, नगर पंचायत बिल्हा, बिलासपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 495224-भारत. इसके अलावा: पुत्र विजय नवानी, मकान नंबर 159K, मेन रोड केदार चाल बिल्हा, बिल्हा वार्ड नंबर 3, बिलासपुर - छत्तीसगढ़, पिन -495224- भारत. **मेसर्स, सुमित कुमार नवानी,** मालिक के माध्यम से, **सुमित कुमार नवानी,** मकान नंबर 159K, मेन रोड, केदार चाल बिल्हा, बिल्हा वार्ड नंबर 3, बिलासपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 495224-भारत. | ₹ 45,44,339/- as on 30-Nov-2023* | 09-JAN-2024 | प्लॉट खसरा नंबर 129(भाग), मकान प.ह.नंबर 17, मौजा बिल्हा, वार्ड नंबर 03, नगर पंचायत बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग. |

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ। जैसा लागू हो, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 16.01.2024

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400020

## कार्रवाई : दुर्ग जिला न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

# कुख्यात गैंगस्टर तपन को फार्म हाउस से किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### खुर्सीपार में 8 मार्च होली के दिन हुई थी शुभम सिंह की हत्या

साल भर पहले खुर्सीपार में हुए शुभम सिंह राजपुत हत्याकांड मामले गैंगस्टर तपन सरकार को अंततः पुलिस ने फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया। उसे दुर्ग न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। साल भर से फरार चल रहे तपन सरकार हो पकड़ने के लिए चार थानों की पुलिस टीम जुटी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि साल भर से शुभम हत्याकांड में फरार चल रहे सिकोला भाठा दुर्ग निवासी गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने पुलिस मुंबई, भुनेश्वर उड़िसा भी दबिश देने पहुची थी लेकिन तपन की कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि ग्राम जौंदा स्थित चंपारण रायपुर के फार्म हाउस में छिपा हुआ है। तुरंत पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देने पहुची और फार्म हाउस को चारों ओर से घेर लिया। उसके बाद तपन को फार्म हाउस से बाहर निकाला गया। पुलिस को संदेह था कि खुर्सीपार निवासी शुभम हत्याकांड में तपन का हाथ हो सकता है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी सेवक निषाद से पूछताछ करने शुरु किया। इसके अलावा आसपास की कडियों को जोड़ने के बाद गैंगस्टर तपन का रोल हत्याकांड में होने की बात सामने आई। पुलिस उसके बाद से तपन की खोज में जुट गई थी। लेकिन गैंगस्टर तपन को पुलिस की जानकारी लगने के बाद से ही फरार चल रहा था।

### अलसुबह पुलिस ने दी दबिश

पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने के लिए उसके गुर्गो के यहां भिलाई-दुर्ग समेत नागपुर, मुंबई के मकान, फ्लैटो में दबिश देने जिले की पुलिस टीम पहुची थी। मगर तपन की कोई खास जानकारी मिल पाई थी। घटना के बाद से तपन पुलिस की डर से छत्तीसगढ़ से फरार हो गया था। रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि तपन रायपुर स्थित फार्म हाउस में है। जिसे पकड़ने के लिए टीम पहुची थी। सोमवार को सुबह-सुबह करीब 5 बजे गैंगस्टर फार्म हाउस में जब सब सो रहा था। तब पुलिस फार्म हाउस में धावा बोल दिया और तपन गिरफ्त में आया।



### तपन को सुको से मिली थी जमानत

11 फरवरी 2005 को भिलाई में गैंगवार हुई थी। तपन सरकार ने सुपेला निवासी गैंगस्टर महादेव महार की हत्या अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। मामले में कुछ महीने बाद पुलिस ने आरोपी गोविंद विश्वकर्मा का एनकाउंटर किया था। इसके बाद एक-एक कर सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब तपन सरकार 17 साल जेल की सजा काटने के बाद तपन माह अगस्त 2022 को जेल से सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर रिहा हुआ था।

## कोपी लुवाक दुनिया की सबसे महंगी कॉफी


नई दिल्ली। ज्यादातर लोग अपने दिन की शुरुआत कॉफी से करना पसंद करते हैं क्योंकि यह सबसे लोकप्रिय पेय में से एक है। हालांकि, अभी तक आपने 500-1,000 रुपये तक की ही कॉफी पी होगी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में ऐसी कॉफी हैं जिनकी एक किलो की कीमत लाखों रुपए है। कोपी लुवाक दुनिया की सबसे महंगी कॉफी में से एक है। इसे सिवेट नाम की बिल्ली के मल से बनाया जाता है। यह बिल्ली कॉफी बीन्स खाने की शौकीन होती हैं। हालांकि, बिल्ली इन बीन्स को पूरा पचा नहीं पाती हैं, इसलिए उनके मल के साथ वह हिस्सा भी निकल जाता है, जिसे पचाया नहीं जा सकता। इसके बाद कॉफी को फर्मेंट किया जाता है। इस कॉफी के आधा किलो पैक की कीमत 25 हजार से 75,000 रुपये तक है।

## 2023 के सबसे अजीब विश्व रिकॉर्ड, बिल्ली ने कूदी रस्सी शरीर पर आग लगाकर 100 मीटर भागा प्रतियोगी

*नई दिल्ली। गिनीज बुक दुनियाभर की सबसे शानदार और अनोखी उपलब्धियों को दर्ज करती है। हालांकि, 2023 कुछ ज्यादा ही अविश्वसनीय और अजीब विश्व रिकॉर्ड्स का साल रहा है, जिसमें इंसानों के साथ-साथ जानवरों ने भी अपनी विचित्र विशेषताओं के कारण गिनीज बुक में अपना स्थान बनाया। आज हम आपको ऐसे ही सबसे अजीब विश्व रिकॉर्ड्स के बारे में बताते हैं, जो इस साल बने हैं और जिन्हें सुनकर आप हैरान हो जाएंगे।*

### बिल्ली ने 1 मिनट रस्सी कूदकर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के मिसौरी निवासी त्रिशा सेफ्रिड की बिल्ली ने 1 मिनट में 9 बार रस्सी कूदकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया था। बिल्ली का नाम किट कैट है, जिसके रिकॉर्ड का वीडियो गिनीज बुक ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी साझा किया था। इसके कैप्शन में लिखा था, 'ये बिल्ली अपने पूरे जीवन इसी रिकॉर्ड लिए ट्रेनिंग लेता रही है।' त्रिशा ने भी बताया कि किट 6 महीने की उम्र से इसका अभ्यास कर रही थी।



### शरीर पर आग लगाकर सबसे तेज दौड़ने का रिकॉर्ड बनाया

इस साल जुलाई में फ्रांस के रहने वाले 39 वर्षीय फायरफाइटर जोनाथन वेरो ने 2 विश्व रिकॉर्ड्स बनाए। उन्होंने शरीर पर आग लगाकर ऑक्सीजन के बिना 272.25 मीटर की दूरी तय करके इस स्थिति में सबसे लंबी दूरी तय करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसी दौरान उन्होंने 100 मीटर की दूरी 17 सेकंड में पूरी करने का आग लगाकर सबसे तेज 100 मीटर भागने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। गिनीज बुक के मुताबिक, वेरो एक पेशेवर स्टंटमैन है।

**जीवित कुत्ते की सबसे लंबी जीभ का विश्व रिकॉर्ड :** अमेरिका के लुइसियाना में रहने वाले एक कुत्ते ने 'दुनिया की सबसे लंबी जीभ के कुत्ते' का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड मिक्स प्रजाति के इस कुत्ते की जीभ 12.7 सेंटीमीटर यानी 5 इंच लंबी है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com